वर्ष : 33 ▸ अंक : 166 ▸ पृष्ठ : 8 ▸ मुंबई, शनिवार, 31 अगस्त 2024 ▸ RNI: MAHHIN/49994/91 ▸ मूल्य : 3 रुपए ▸ epaper.dobajedopahar.com ▸ संपादक : अरुण लाल

दो बजे दोपहर

मुंबई, नवी मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़, नासिक, पुणे से एक साथ प्रकाशित

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

# बिगड़ रहा महायुति का ताना बाना

सीएम शिंदे के मंत्री तानाजी सावंत बोले- एनसीपी संग बैठने से उल्टी आती है

एनसीपी ने कहा- इस्तीफा लें वरना सब खत्म





**अमित बृज । मुंबई**

महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव का बिगुल अभी नहीं बजा है, मगर सियासी दांव-पेच शुरू गया है। इस साल के आखिर में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। टक्कर महायुति और महा विकास अघाड़ी में है। महायुति की ओर से सीएम पद के लिए एकनाथ शिंदे रहेंगे या कोई और इसे लेकर सस्पेंस बरकरार है। हालांकि, इन सबके बीच महायुति में सबकुछ सही नहीं लग रहा है। शिवसेना और एनसीपी के नेताओं में तीखे बयानबाजी शुरू हो गई है। दरअसल, शिवसेना नेता तानाजी सावंत ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) को लेकर विवादित बयान दिया। उनका कहना है कि उनकी एनसीपी (अजित पवार गुट) के साथ कभी नहीं बनी। इतना ही नहीं उन्होंने यह तक कह दिया कि एनसीपी के साथ बैठने भर से उल्टी होने लगती हैं। इस पर एनसीपी नेता उमेश पाटिल ने पलटवार कर सावंत के इस्तीफे की मांग कर डाली। बता दें, महायुति गठबंधन के सहयोगी एनसीपी, शिवसेना और भाजपा है।

### क्या बोले शिवसेना नेता सावंत?

तानाजी सावंत ने धराशिव (उस्मानाबाद) में एक सभा के दौरान कहा, 'मैं कट्टर शिव सैनिक हूं। जो भी कट्टर शिवसैनिक है वो कभी भी कांग्रेस और राष्ट्रवादी कांग्रेस के साथ नहीं बैठ सकता। शुरू से लेकर आज तक साथ बैठने पर तबियत खराब होने लगती है। मैं शुरू से ही बर्दाश्त नहीं कर सकता क्योंकि हम दोनों के विचार बिल्कुल अलग है और इसमें कोई शक नहीं है। आज भी जब कैबिनेट बैठक में हिस्सा लेता हूं तो बाहर आने पर मुझे उल्टियां होती हैं। यह हकीकत है क्योंकि विचार एक दिन में अचानक से कभी बदल नहीं सकते।'

### एनसीपी नेताओं का भड़का गुस्सा

तानाजी सावंत के बयान के बाद अजित पवार की पार्टी एनसीपी आक्रामक हो गई। एनसीपी ने सीएम एकनाथ शिंदे से जवाब मांगा है। अजित पवार गुट से एमएलसी अमोल मितकारी ने कहा, 'तानाजी सावंत को नहीं पता कि उन्हें उल्टियां क्यों हो रही हैं। तानाजी सावंत स्वास्थ्य मंत्री हैं और उनके स्वास्थ्य का इससे कुछ लेना-देना होगा। लेकिन महायुति में रहने के कारण उन्हें उल्टी आ रही है, तो सिर्फ एकनाथ शिंदे बता सकते हैं कि इसकी क्या वजह है।'

### शिवसेना ने किया इनकार

शिवसेना प्रवक्ता नरेश म्हास्के ने इस मामले पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि यह मेरा विषय नहीं है।

### हम सत्ता के लिए बेचैन नहीं : पाटिल

एनसीपी के मुख्य प्रवक्ता उमेश पाटिल ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा, 'तानाजी सावंत ने जो कहा उसे सुनने से बेहतर है कि हम सत्ता से बाहर हो जाएं। या तो वह रहें या फिर एनसीपी। अगर उन्हें बर्खास्त नहीं किया जाता है तो हमें महायुति मंत्रिमंडल छोड़ देना चाहिए। मैं हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष अजित पवार और हमारे सभी वरिष्ठ नेताओं से मंत्रिमंडल छोड़ने का अनुरोध करता हूं।' पाटिल ने कहा कि जब तक सावंत को बर्खास्त नहीं किया जाता, पवार को कैबिनेट की किसी बैठक में भाग नहीं लेना चाहिए। यहां तक कि हमारे मंत्रियों को भी सावंत को बर्खास्त किए जाने तक कैबिनेट की बैठकों का बहिष्कार करना चाहिए। हम सावंत की माफी या इस बयान को स्वीकार नहीं करेंगे कि उनके बयान को गलत समझा गया। हम चाहते हैं कि वह तुरंत सत्ता से बाहर हों।

### 'चुनाव के बाद का बाद में देखेंगे'

इन सबके बीच, देवेंद्र फडणवीस ने महाराष्ट्र की सियासत में आगे क्या होने वाला है, इसकी धुंधली तस्वीर दिखा दी। उन्होंने साफ-साफ कह दिया कि मुख्यमंत्री पद पर फैसला नतीजों के बाद ही होगा। कार्यक्रम के दौरान जब उनसे पूछा गया कि महायुति में नंबर वन कौन होगा? तो इस सवाल पर उन्होंने साफ-साफ कह दिया कि अभी तो एकनाथ शिंदे ही मुख्यमंत्री हैं। उन्हीं के चेहरे पर हम चुनाव में जा रहे हैं। चुनावी नतीजे आने के बाद हम बैठकर तय कर लेंगे कि आगे क्या करना है। फिलहाल वह दिल्ली नहीं जा रहे हैं। वह महाराष्ट्र की सियासत में ही बने रहेंगे।

## छत्रपति शिवाजी महाराज प्रतिमा विवाद

# पीएम ने मांगी माफी



**1,560 करोड़ रुपए की 218 मत्स्य पालन परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास**

- मैं अपने आराध्य शिवाजी के चरणों में मस्तक रखकर माफी मांगता हूं : पीएम
- कांग्रेस ने मुंबई में लगाए 'माफी मांगो मोदी' के पोस्टर

**दीपक पवार । पालघर**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को पालघर के सिडको ग्राउंड में 76 हजार करोड़ के प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन करने के बाद छत्रपति शिवाजी की प्रतिमा गिरने के मामले पर माफी मांगी। सिंधुदुर्ग में लगाई गई यह प्रतिमा 26 अगस्त को गिरकर टूट गई थी।

### क्या कहा पीएम मोदी ने ?

पीएम मोदी ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज मेरे और मेरे दोस्तों के लिए सिर्फ एक नाम नहीं हैं। हमारे लिए छत्रपति शिवाजी महाराज सिर्फ एक महाराजा नहीं हैं। हमारे लिए वे पूजनीय हैं। आज मैं छत्रपति शिवाजी महाराज के सामने नतमस्तक हूं और उनसे क्षमा मांगता हूं।

### सीएम एकनाथ शिंदे, डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार भी मांग चुके हैं माफी

मोदी से पहले महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे, डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार भी माफी मांग चुके हैं। पीएम के कार्यक्रम से पहले मुंबई में मूर्ति गिरने को लेकर विपक्ष के नेताओं ने विरोध-प्रदर्शन किया। पुलिस ने कांग्रेस नेताओं को नजरबंद भी किया है।

**श्रेय लेने की होड़ में कांग्रेस आगे :** उधर, कांग्रेस ने सोशल मीडिया पर लिखा- 'महाराष्ट्र की जनता और विपक्ष के घोर विरोध ने आज नरेंद्र मोदी को छत्रपति शिवाजी महाराज से माफी मांगने पर मजबूर कर दिया। लेकिन ये माफी नहीं ढोंग है। अगर मोदी वाकई में अपने इस अक्षम्य पाप के लिए माफी मांग रहे हैं, तो वे महाराष्ट्र के CM और डिप्टी CM को अपने पद से हटाएं। साथ ही इस प्रोजेक्ट में जिन लोगों की संलिप्तता थी, उनपर कड़ी कार्रवाई करें। राजे का ये अपमान महाराष्ट्र न भूलेगा, न माफ करेगा।'

### पीएम ने वधावन पोर्ट का उद्घाटन किया

पालघर में पीएम मोदी ने सिडको ग्राउंड में 76 हजार करोड़ के कई प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन किया। इसमें वधावन पोर्ट प्रोजेक्ट भी शामिल है। मोदी ने उद्घाटन करने के बाद कहा- महाराष्ट्र का विकास मेरी बहुत बड़ी प्राथमिकता है। आज भारत की प्रगति में महाराष्ट्र बहुत बड़ी भूमिका निभा रहा है, लेकिन यह दुर्भाग्य है कि महाराष्ट्र विरोधी दलों ने आपके विकास पर हमेशा ब्रेक लगाने की कोशिश की। मोदी ने कहा- हमारे देश को वर्षों से दुनिया के साथ व्यापार के लिए एक बड़े और आधुनिक पोर्ट की जरूरत थी, इसके लिए महाराष्ट्र का पालघर ही सबसे उपयुक्त जगह है, लेकिन इस प्रोजेक्ट को 60 वर्षों तक लटका कर रखा गया। इतने जरूरी काम को कुछ लोग शुरू नहीं होने दे रहे थे।

### फिशिंग प्रोजेक्ट का भी शिलान्यास

पीएम मोदी ने पालघर में लगभग 1,560 करोड़ रुपए की लागत से 218 फिशिंग प्रोजेक्ट का शिलान्यास भी किया। इसका उद्देश्य फिशिंग सेक्टर में इन्फ्रास्ट्रक्चर और प्रोडक्टिविटी को बढ़ावा देना है। अधिकारियों के मुताबिक इस प्रोजेक्ट की मदद से फिशिंग सेक्टर में 5 लाख से अधिक रोजगार पैदा होने की उम्मीद है।

### नेशनल रोल आउट ऑफ वेसल कम्युनिकेशन एंड सपोर्ट सिस्टम का शुभारंभ

वहीं पीएम मोदी ने करीब 360 करोड़ रुपए की लागत से नेशनल रोल आउट ऑफ वेसल कम्युनिकेशन एंड सपोर्ट सिस्टम का शुभारंभ किया। इसके जरिए 13 तटीय राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में मशीन और मोटर से चलने वाली मछली पकड़ने के जहाजों पर 1 लाख ट्रांसपोंडर लगाए जाएंगे।

### दोपहर टिपण्णी : शिवाजी और मराठा राजनीति

महाराष्ट्र में अब उद्धव ठाकरे और बीजेपी दोनों साथ नहीं हैं। आने वाले चुनाव में शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) आमने-सामने होंगे। मराठी मानुष के लिए कोई सबसे महत्वपूर्ण है या यूं कहें की बड़ा आइकॉन तो वो हैं शिवाजी महाराज। महाराष्ट्र में जब तक बाला साहब ठाकरे जैसे नेता थे मराठी मानुष का झुकाव शिवसेना की ओर रहा। अब शिवसेना में भी दो गुट हैं। एक गुट बीजेपी के साथ है। 2014 में केंद्र में नरेंद्र मोदी की सरकार आने के बाद बीजेपी ने इस वोट बैंक में अच्छी खासी सेंध लगाई है। मोदी जैसे नेता का लाभ बीजेपी को महाराष्ट्र में मिला और उसका वोट प्रतिशत भी बढ़ा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बीजेपी दोनों को पता है कि कुछ ही दिनों में होने वाले महाराष्ट्र विधानसभा के चुनाव उसके लिए आसान नहीं। लोकसभा चुनाव नतीजों के बाद चुनौती बढ़ी है। शिवाजी महाराज की मूर्ति गिरने के बाद जो बवाल मचा है उसे नरेंद्र मोदी ने कहीं न कहीं माफी मांगकर शांत करने की कोशिश की है।

# कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ने के लिए मची होड़

- 200 से ज्यादा आवेदन मिले
- वर्सोवा से 28 ने मांगा टिकट



**नितिन तोरस्कर । मुंबई**

लोकसभा चुनाव में पार्टी को मिली सफलता के बाद कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं से लेकर कार्यकर्ताओं तक सभी के हौसले बुलंद हैं। यही कारण है कि बड़े नेता से लेकर कार्यकर्ता तक हर कोई कांग्रेस के टिकट का चुनाव लड़ना चाहता है। मुंबई में विधानसभा की 36 सीटें हैं, जिसमें कांग्रेस के खाते में आधे से भी कम सीटें आने की संभावना है। लेकिन बावजूद इसके कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ने को लेकर होड़ मची हुई है। अभी तक मुंबई कांग्रेस को 200 से ज्यादा आवेदन पत्र मिले हैं। सबसे ज्यादा वर्सोवा विधानसभा से पार्टी के 28 लोगों ने आवेदन किया है। आगामी विधानसभा चुनाव के लिए मुंबई में कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ने को लेकर अच्छा रिस्पांस देखने को मिल रहा है।

### अभी तक मुंबई में 200 से ज्यादा आवेदन पत्र मिले

खबर है कि पार्टी को अभी तक मुंबई में 200 से ज्यादा आवेदन पत्र मिले हैं। जिन नेताओं ने चुनाव लड़ने के लिए आवेदन किया है इसमें जिलाध्यक्ष से लेकर पूर्व मंत्री और पूर्व विधायक से लेकर मौजूदा विधायक शामिल हैं। पार्टी को मुंबई की सभी 36 सीटों पर आवेदन मिले हैं। वर्सोवा सीट से पार्टी के 28 लोगों ने टिकट मांगा है। इसके साथ ही मुंबई कांग्रेस अध्यक्ष वर्षा गायकवाड़ ने महाविकास आघाडी के दलों से मुंबई में 17 सीटों की मांग की है। हालांकि आघाडी में अभी तक सीटों के बंटवारे पर कोई फैसला नहीं हो सका है।

### वर्षा गायकवाड़ की बहन ज्योति गायकवाड़ ने धारावी से टिकट मांगा

सूत्रों के मुताबिक मुंबई कांग्रेस अध्यक्ष वर्षा गायकवाड़ की बहन ज्योति गायकवाड़ ने धारावी से टिकट मांगा है। जबकि भाई जगताप बांद्रा पूर्व या जोगेश्वरी पूर्व से चुनाव लड़ना चाहते हैं। चांदिवली सीट से नसीम खान चुनाव मैदान में उतरना चाहते हैं, जबकि असलम शेख ने मालाड, अमीन पटेल ने मुंबा देवी, सुरेश शेट्टी ने अंधेरी पश्चिम, संदीप शुक्ला, गणेश यादव और चरण सिंह सप्रा ने सायन कोलीवाडा से टिकट मांगा है। मुंबई कांग्रेस स्लम सेल के अध्यक्ष सुरेश राजहंस ने चारकोप विधानसभा सीट से टिकट की मांग की है। वर्सोवा से टिकट मांगने वालों में अवनीश सिंह, मुंबई कांग्रेस युवा अध्यक्ष अखिलेश यादव भी शामिल हैं।

### मुंबई में कांग्रेस 17 सीटों पर लड़ना चाहती है चुनाव

महाविकास आघाडी के दलों की मुंबई की सीटों के बंटवारे को लेकर बैठक लगातार जारी है। कांग्रेस ने आघाडी के नेताओं के सामने मुंबई में 17 सीटों पर चुनाव लड़ने का प्रपोजल रखा है। हालांकि अभी तक कुछ सीटों को लेकर बात नहीं बन सकी है। मुंबई की जो सीटें कांग्रेस के खाते में जा सकती हैं उसमें मालाड, चांदिवली, बांद्रा पूर्व, धारावी और मुंबा देवी की सीट प्रमुख हैं।

# गुंडों का समूह हैं बैंक के वसूली एजेंट: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट (SC) ने एक बैंक की वसूली एजेंट फर्म को ₹गुंडों का समूह₹ करार दिया। कोर्ट ने कहा कि बैंक की इस वसूली फर्म ने लोन राशि का एकमुश्त निपटान करने के बावजूद एक व्यक्ति से जब्त किया गया वाहन उसे वापस नहीं किया। न्यायालय ने पश्चिम बंगाल पुलिस को दो महीने के भीतर कंपनी के खिलाफ आरोप पत्र (चार्जशीट) दाखिल करने का निर्देश दिया है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने पीड़ित देवाशीष बसु रॉय चौधरी को मुआवजा देने का निर्देश दिया। पीठ ने बैंक ऑफ इंडिया को रिकवरी एजेंट से राशि वसूलने का भी निर्देश दिया।

# कांग्रेस ने कई राज्यों में की सेक्रेटरी और जॉइंट सेक्रेटरी की नियुक्ति

**नई दिल्ली।** कांग्रेस में बड़े पैमाने पर सेक्रेटरी और जॉइंट सेक्रेटरी की नियुक्ति की गई है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की मुहर के बाद ये लिस्ट जारी की गई। लिस्ट में कर्नाटक, केरल, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, मणिपुर, ओडिशा, पंजाब, राजस्थान समेत अलग-अलग राज्यों का जिक्र है। इन सभी राज्यों में पार्टी नेतृत्व ने सचिव और संयुक्त सचिव नियुक्त किए हैं। इससे पहले अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (AICC) ने हर राज्य में एक राष्ट्रीय महासचिव को प्रदेश का प्रभारी नियुक्त किया है। अब सेक्रेटरी और जॉइंट सेक्रेटरी की नियुक्ति की गई है। ये प्रदेश प्रभारी के साथ मिलकर दिए गए राज्यों की जिम्मेदारी संभालेंगे।

### एमपी यूथ कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष कुणाल चौधरी बने महाराष्ट्र के सचिव



कांग्रेस की नई लिस्ट में मध्य प्रदेश यूथ कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और एमपी कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता कुणाल चौधरी को महाराष्ट्र में सचिव का जिम्मा सौंपा गया है। एमपी में इंचार्ज सेक्रेटरी संजय दत्त को छोड़कर सभी प्रभारी सचिव बदल दिए गए हैं। मध्य प्रदेश में संजय दत्त के साथ अब चंदन यादव, आनंद चौधरी को सचिव की जिम्मेदारी दी गई है। रणविजय सिंह लोचव जॉइंट सेक्रेटरी होंगे। मध्य प्रदेश में कांग्रेस ने पहली बार जॉइंट सेक्रेटरी पद पर किसी को नियुक्ति किया है।


## स्वच्छ गंगा मिशन

# 265 करोड़ रुपए की नौ परियोजनाओं को मंजूरी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (एनएमसीजी) ने 265 करोड़ रुपए की नौ महत्वपूर्ण परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इसके तहत गंगा नदी में प्रदूषण को घटाने और पारिस्थितिकी तंत्र को सुधारने के लिए कदम उठाए जाएंगे। बयान के अनुसार, नई दिल्ली में एनएमसीजी के महानिदेशक राजीव कुमार मित्तल की अध्यक्षता में 56वीं कार्यकारी समिति की बैठक के दौरान इन परियोजनाओं को हरी झंडी दी गई। परियोजनाओं में से एक में उत्तर प्रदेश के रायबरेली के डलमऊ में आठ किलोलीटर प्रति दिन (केएलडी) क्षमता वाले ट्रीटमेंट प्लांट की स्थापना शामिल है। वहीं, एक परियोजना बुलंदशहर जिले के गुलावठी शहर में गंगा की सहायक नदी काली नदी में प्रदूषण को रोकने पर केंद्रित है। इसके अलावा, महाकुंभ मेला 2025 की तैयारी के लिए समिति ने गंगा केंद्र के निर्माण और प्रयागराज में छिवकी रेलवे स्टेशन की ब्रांडिंग को मंजूरी दी है।

# मिड-डे मील मसाले पैकेट में मिली मृत छिपकली

## कंपनी को ब्लैकलिस्ट करने की तैयारी



**दोपहर संवाददाता । अकोला**

महाराष्ट्र के अकोला जिले से एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। स्कूल में बच्चों को दिए जाने वाले मिलने वाले खाने के मसाला पैकेट में मरी हुई छिपकली मिली है। घटना तेल्हारा तालुका स्थित तलेगांव के जिला परिषद स्कूल की है। यह घटना गुरुवार दोपहर करीब 2 बजे सामने आई है।

**घटना को लेकर आम बैठक में हंगामा :** इस घटना को लेकर अकोला जिला परिषद की आम बैठक में हंगामा हुआ। सत्ताधारी वंचित जिला परिषद सदस्य राम कुमार गाव्हाणकर ने इस मुद्दे को उठाते हुए स्कूल के पोषण आहार की आपूर्ति को वापस बुलाने और तत्काल भोजन सेवा बंद कर उन्हें ब्लैकलिस्ट करने की मांग की है। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि पूरे मामले की जांच की जा रही है और पोषण आहार मसाला आपूर्ति करने वाली कंपनी को ब्लैकलिस्ट में डालने के लिए रिपोर्ट भेजी जाएगी।

**राजनीति** ▸ सरकारी गाड़ी को भी ठुकरा दिया

# शरद पवार ने Z+ सुरक्षा लेने से किया इनकार

**धीरज सिंह । मुंबई**



केंद्र सरकार ने बीते दिनों राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (NCP) शरद चंद्र पवार के प्रमुख शरद पवार को Z+ सुरक्षा देने का आदेश दिया था। हालांकि, सूत्रों की मानें तो शरद पवार ने Z+ सुरक्षा लेने से इनकार कर दिया है। बता दें कि हाल ही में शरद पवार ने कहा था कि केंद्र सरकार द्वारा सुरक्षा मिलना उनके बारे में प्रामाणिक जानकारी हासिल करने का जरिया भी हो सकता है। आइए जानते हैं इस पूरे मामले के बारे में।

### जेड प्लस सुरक्षा पर पवार ने क्या कहा?

शरद पवार को 'जेड प्लस' सुरक्षा मिलने के बाद इस पर उनका बयान सामने आया था। पवार ने कहा था कि केंद्र सरकार द्वारा सुरक्षा मिलना उनके बारे में प्रामाणिक जानकारी हासिल करने का जरिया भी हो सकता है। बता दें कि महाराष्ट्र में इसी साल के अंत तक विधानसभा चुनाव हैं। शरद पवार महाराष्ट्र के कई जिलों में चुनावी जनसभाएं और पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं से मिल रहे हैं।

### घर के अंदर सुरक्षाकर्मियों की तैनाती से भी इनकार

दिल्ली सूत्रों की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक, शरद पवार ने केंद्र सरकार द्वारा दी गई जेड प्लस सुरक्षा लेने से इनकार कर दिया है। जानकारी के मुताबिक, शरद पवार ने घर के अंदर सुरक्षाकर्मियों की तैनाती से भी इनकार किया है। उन्होंने सरकारी गाड़ी से भी इनकार कर दिया और अपनी निजी कार में भी सुरक्षाकर्मियों को बैठाने से इनकार किया है। शरद पवार के दिल्ली स्थित सरकारी आवास पर सीआरपीएफ, इंटेलिजेंस के अधिकारियों ने उनसे मुलाकात की है। जानकारी के अनुसार, शरद पवार ने प्रस्ताव रखा है कि सुरक्षा मुहैया करानी है तो घर के बाहर ही सुरक्षा मुहैया कराई जाए।

# वामन म्हात्रे को हाई कोर्ट से राहत

## महिला पत्रकार अभद्र टिप्पणी मामले में मिली अग्रिम जमानत

**मुनीब चौरसिया । बदलापुर**



बदलापुर में दो मासूम स्कूली बच्चियों के साथ स्कूल के एक कर्मचारी द्वारा किए गए दुराचार के कारण शहर में बड़े पैमाने पर आंदोलन हुआ था। न्यूज कवरेज कर रही एक महिला पत्रकार मोहिनी जाधव के साथ अभद्र व्यवहार और अभद्र भाषा का प्रयोग करने का आरोप नपा के पूर्व अध्यक्ष व शिवसेना (शिंदे) के शहर प्रमुख वामन म्हात्रे पर लगा है। महिला पत्रकार की शिकायत पर पुलिस ने विनयभंग एवं अट्रोसिटी कानून के अंतर्गत मामला दर्ज किया है। वामन म्हात्रे ने बॉम्बे हाई कोर्ट में गिरफ्तारी से बचने के लिए पूर्व जमानत के लिए याचिका दायर की थी। लेकिन उनकी अर्जी बॉम्बे हाई कोर्ट ने यह कहते हुए याचिका खारिज की थी कि पहले आप निचली अदालत में जाओ। साथ ही हाई कोर्ट ने कल्याण कोर्ट को 29 अगस्त तक फैसला लेने का आदेश दिया था। इसी आदेश के चलते सेशन कोर्ट में वामन म्हात्रे के वकील व शिकायतकर्ता के बीच बहस हुई।

### 4 सितंबर तक अग्रिम जमानत

म्हात्रे ने कल्याण स्थित सेशन कोर्ट में जमानत के लिए बेल डाली लेकिन गुरुवार को सेशन कोर्ट ने भी म्हात्रे को अग्रिम जमानत देने से इनकार कर दिया था। इसके बाद नपा के पूर्व अध्यक्ष वामन म्हात्रे ने सेशन कोर्ट के आदेश को हाई कोर्ट में चुनौती दी। शुक्रवार को बॉम्बे हाई कोर्ट में म्हात्रे की याचिका पर सुनवाई हुई और उन्हें 4 सितंबर तक के लिए अग्रिम जमानत दे दी।

### क्या है मामला?

बता दें कि बदलापुर यौन उत्पीड़न मामले के बाद हुए आंदोलन के लिए न्यूज कवरेज कर रही एक महिला पत्रकार मोहिनी जाधव के साथ अभद्र व्यवहार और अभद्र भाषा का प्रयोग करने का आरोप नपा के पूर्व अध्यक्ष व शिवसेना (शिंदे) के शहर प्रमुख वामन म्हात्रे पर लगा है। महिला पत्रकार की शिकायत पर पुलिस ने विनयभंग एवं अट्रोसिटी कानून के अंतर्गत मामला दर्ज किया है।

# मीरा-भाईंदर बीजेपी जिला सचिव पर जानलेवा हमला

## ■ गले और पेट पर चाकू से किए 8 वार

**दोपहर संवाददाता । भाईंदर**

. ठाणे जिले में मीरा-भाईंदर बीजेपी जिला सचिव राजन पांडे पर शुक्रवार को प्राणघातक हमला हुआ। इस घटना के चलते इलाके में हड़कंप मच गया है। हमलावर की पहचान विनोद राजभर के रूप में हुई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



**दोनों की हालत स्थिर:** *प्राप्त जानकारी के मुताबिक यह घटना भाईंदर पश्चिम के गणेशदेवल नगर में बागेश्री कॉम्प्लेक्स के सामने शाम करीब 5 :30 बजे हुई। विनोद राजभर ने पांडे के गले और पेट पर धारदार चाकू से 8 वार किए। इस दौरान बीच बचाव करने गए पांडे के सहयोगी आनंद झा भी जख्मी हो गए। दोनों को घायलावस्था में मीरारोड के वॉकहार्ट हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। दोनों की हालत स्थिर बताई जा रही है।*

### आर्थिक लेनदेन को लेकर कुछ पुरानी रंजिश

राजन पांडे को बीजेपी 145 विधानसभा क्षेत्र प्रमुख एड. रवि व्यास के समर्थक के रूप में जाना जाता है। इस घटना से सभी स्तब्ध हैं। बताया जा रहा है की राजभर आपराधिक प्रवृति का है और भाईंदर पश्चिम में रेलवे स्टेशन के पास नींबू पानी बेचने का गाड़ी लगाता है। पांडे और राजभर में आर्थिक लेनदेन को लेकर कुछ पुरानी रंजिश थी। शुक्रवार को दोनो का आमना सामना होने के बाद राजभर ने इस वारदात को अंजाम दिया। भाईंदर पुलिस थाने के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक विवेक सोनावने मामले की जांच कर रहे हैं। खबर लिखे जाने तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई थी।

# फर्जी चिकित्सक गिरफ्तार



**दोपहर संवाददाता । ठाणे**

ठाणे जिले में बिना किसी मेडिकल डिग्री के 'क्लीनिक' संचालित कर रहे एक फर्जी चिकित्सक को शुक्रवार को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। शांतिनगर पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने भिवंडी के गैबी नगर निवासी अब्दुल फरीद उर्फ सद्दाम शरीफ खान (34) को तड़के गिरफ्तार किया।

### बिना 'वैध परमिट' के संचालित था क्लिनिक

*भिवंडी निजामपुर शहर महानगर पालिका के चिकित्सा अधिकारियों ने खान के 'क्लीनिक' पर छापा मारा और पाया कि क्वीलिन बिना 'वैध परमिट' के संचालित किया जा रहा था। उन्होंने बताया कि आरोपी मरीजों को दवाइयां देकर उनसे अत्यधिक धनराशि वसूलता था। अधिकारी ने बताया कि चिकित्सा अधिकारियों की शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 319 (2), 318 (4) (धोखाधड़ी) और 125 (दूसरों के जीवन को खतरे में डालने वाला कृत्य) और महाराष्ट्र मेडिकल प्रैक्टिशनर्स एक्ट, 1961 के तहत एक प्राथमिकी दर्ज की गई है।*

# कपड़ा व्यापारी से 47 लाख रुपए की ठगी

## ▶▶ दो लोगों पर मामला दर्ज




**दोपहर संवाददाता । ठाणे**

ठाणे जिले के 45 वर्षीय कपड़ा व्यापारी से 47 लाख रुपए की ठगी करने के आरोप में दूसरे राज्य के दो कारोबारियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। आरोपियों की पहचान गुजरात के भवरलाल प्रजापति और राजस्थान के मुकेश कुमार जायसवाल के रूप में हुई है।

### मामला समझें

महाराष्ट्र के भिवंडी निवासी शिकायतकर्ता ने पिछले साल अप्रैल से जून के बीच व्यापारियों को 47 लाख रुपए से अधिक मूल्य के कपड़े की आपूर्ति की थी, लेकिन दोनों ने उसे खरीदे गए कपड़े के बदले में भुगतान नहीं किया। अधिकारियों ने बताया कि आरोपियों से भुगतान नहीं प्राप्त होने पर व्यापारी ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने कहा कि व्यापारी ने अपनी शिकायत में एक 'एजेंट' का भी नाम लिया, लेकिन उसके खिलाफ मामला दर्ज नहीं किया गया है।

# आकाशीय बिजली गिरने से महिला की गई जान

## ▶▶ महिला के परिवार को चार लाख रुपए का मुआवजा

**दोपहर संवाददाता । ठाणे**

ठाणे जिला प्रशासन ने पिछले सप्ताह मुरबाड में आकाशीय बिजली गिरने से जान गंवाने वाली एक महिला के परिवार को मुआवजे के रूप में चार लाख रुपए सौंपे हैं। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है कि 22 अगस्त को चासोल



में एक खेत में स्थित एक मकान पर आकाशीय बिजली गिरी थी, जिससे रुक्मिणीबाई गोपाल मेंगला नाम की महिला की मौत हो गई थी जबकि परिवार के दो अन्य सदस्य घायल हो गए थे। इसमें कहा गया है कि सरकार ने उक्त घटना के छह दिनों के भीतर मुआवजा राशि मंजूर कर दी।

# उत्तर महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव के लिए शिवसेना तैयार

## ▶▶ सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे की जनसंवाद यात्रा को अच्छा प्रतिसाद

**दोपहर संवाददाता । नासिक**

लोकसभा चुनाव में शिवसेना को मिली सफलता, जमीनी स्तर पर शिवसैनिकों की संख्या और मुख्यमंत्री माझी लाडकी बहीण योजना, प्रशिक्षण योजना, अन्नपूर्णा योजना जैसी योजनाओं के पर महिलाओं व किसानों की प्रतिक्रिया को देखते हुए सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे ने विश्वास जताया कि शिवसेना आगामी विधानसभा



चुनाव के लिए तैयार है। वह उत्तर महाराष्ट्र में अपनी जनसंवाद यात्रा के दौरान नासिक में पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने आगे कहा कि जनसंवाद यात्रा के पहले चरण में गुरुवार को जलगांव में 8 विधानसभा क्षेत्रों की समीक्षा की गई। आज नासिक के देवलाली, निफाड, इगतपुरी विधानसभा क्षेत्रों की समीक्षा की गई।

# 10 महीने की बच्ची से क्रूरता मामले में सजा कम करने से इनकार

**दोपहर संवाददाता । मुंबई**

बॉम्बे हाई कोर्ट ने नवी मुंबई के डे केयर सेंटर में 10 महीने की बच्ची को फर्श पर पटकने वाली दोषी महिला केयरटेकरकी 10 साल के कारावास की सजा को काम करने से इनकार कर दिया। अदालत ने महिला के खिलाफ रायगढ़ सेशन कोर्ट के 10 साल के कारावास की सजा के फैसले को बरकरार रखा है। न्यायमूर्ति सारंग बनाम कोतवाल की एकलपीठ के समक्ष दोषी केयरटेकर अफसाना नासिर शेख की ओर से वकील मनीषा जगताप की दायर याचिका पर सुनवाई गुई। याचिका में रायगढ़ सेशन कोर्ट के 10 साल के कारावास की सजा को चुनौती दी



गयी थी। याचिकाकर्ता के वकील ने दलील दी कि याचिकाकर्ता के साथ नरमी बरती जाए, क्योंकि वह एक महिला है और नवंबर 2016 से लगातार हिरासत में है। इस मामले में दो आरोपी बरी हो चुके हैं। इस पर पीठ ने कहा कि साक्ष्यों से पता चलता है कि यह कोई अकेली घटना नहीं थी, बल्कि याचिकाकर्ता अन्य बच्चों को भी पीटती थी और उनके साथ क्रूरता से पेश आती थी।

### खारघर पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर महिला को किया था गिरफ्तार

*सरकारी वकील प्रशांत जाधव ने दोषी महिला की सजा को कम करने का विरोध करते हुए कहा कि पीड़िता की मां एक कामकाजी महिला थी। वह नवी मुंबई के खारघर में पूर्वा प्ले नर्सरी स्कूल (डे केयर सेंटर) में अपनी 10 महीने की बच्ची के देखरेख करने के लिए छोड़ कर जाती थी और काम से लौटने के बाद उसे केयर सेंटर से लेकर घर जाती थी। वह हर रोज की तरह 21 नवंबर 2016 को अपनी बेटी को सुबह डे केयर सेंटर में छोड़ कर काम पर गयी। जब वह शाम को अपनी बेटी को लेने के लिए वापस आई, तो उसने देखा कि उसकी बेटी की आंख में कुछ सूजन थी। वह उसे घर ले गई। बच्ची की तबीयत बिगड़ गई। उसे डॉक्टर के पास ले गई, जहां डॉक्टर ने बताया कि बच्ची के साथ मारपीट की गई होगी। मां ने खारघर पुलिस स्टेशन में शिकायत की। पुलिस की मदद से वह डे केयर सेंटर गई और सीसीटीवी फुटेज की जांच की। उसने देखा कि याचिकाकर्ता बच्ची के साथ बेरहमी से मारपीट कर रही है। वह बच्ची की आंख में कुछ डालते और उसे फर्श पर पटकते हुए देखी गई।*

# सार्वजनिक गणेशोत्सव 2023 पुरस्कार वितरण कार्यक्रम संपन्न



**दोपहर संवाददाता । भिवंडी**

पुलिस आयुक्तालय ठाणे परिमंडल-2 भिवंडी उपायुक्त क्षेत्र में आयोजित राष्ट्रीय एकता एवं सामुदायिक भाई चारा सार्वजनिक गणेशोत्सव पुरस्कार 2023 वितरण समारोह में ठाणे के अपर पुलिस आयुक्त विनायक देशमुख ने अध्यक्षीय भाषण में कहा कि पुलिस के साथ-साथ भिवंडी के स्थानीय नागरिकों की महत्वपूर्ण भागीदारी से भिवंडी शहर को एक शांतिपूर्ण शहर के रूप में नई पहचान मिली है। इस शहर में सभी धर्म के लोग एक साथ मिलकर साथ साथ अपने त्योहार मनाते हुए एक-दूसरे का सहयोग कर मनाते हैं। इस सहयोग को बरकरार रखते हुए, हर कोई आगे भी इसी तरह मिलजुल कर अमन शांति और कानून व्यवस्था को बनाए रखें।


### धामनकर नाका मित्र मंडल को मिला प्रथम पुरस्कार

*इस प्रतियोगिता में धामनकर नाका मित्र मंडल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अपर पुलिस आयुक्त विनायक देशमुख, उपायुक्त डॉ. श्रीकांत परोपकारी ने मंडल के अध्यक्ष संतोष शेट्टी को रोटेटिंग शील्ड, सम्मान चिन्ह और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर मंच पर भिवंडी पुलिस उपायुक्त श्रीकांत परोपकारी, सार्वजनिक गणेशोत्सव महामंडल भिवंडी के अध्यक्ष मदन भोई, सहायक पुलिस आयुक्त दीपक देशमुख, सचिन सांगले आदि उपस्थित थे।*

# प्राथमिक शिक्षकों को बीएलओ के कार्य से मुक्त करने की मांग

**दोपहर संवाददाता । भिवंडी**

केंद्रीय स्तर के अधिकारियों यानी बीएलओ को कार्य से मुक्त करने के लिए महाराष्ट्र राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ की भिवंडी इकाई और महाराष्ट्र राज्य के शिक्षक संघ के एक संयुक्त प्रतिनिधिमंडल ने भिवंडी के तहसीलदार अभिजीत खोले को एक ज्ञापन देकर बीएलओ को कार्य से मुक्त करने की मांग की है। इस प्रतिनिधिमंडल में महाराष्ट्र राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ के भिवंडी इकाई अध्यक्ष संतोष सुरवसे, कार्यकारी अध्यक्ष योगेश पाटिल, सचिव भालचंद्र



भोले और भिवंडी इकाई अध्यक्ष प्रदीप जोगी, कार्यकारी अध्यक्ष महेश वनवे, कस्त्रेबे शिक्षक संघ के सचिव अरुण हिवरे शामिल थे।

### क्या है सरकार का निर्णय?

*भिवंडी तहसीलदार को सौंप गए ज्ञापन में शिक्षकों के सिस्ट मंडल ने मांग की है कि नि :शुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम के अनुसार गैर शैक्षणिक कार्य हेतु शिक्षकों की नियुक्ति निषिद्ध है। राज्य के सभी बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए प्राथमिक कक्षा के लिए कम से कम 200 दिन और उच्च प्राथमिक कक्षा के लिए कम से कम 220 दिन पढ़ाना अनिवार्य है। इसके बावजूद मनपा क्षेत्र में शिक्षकों को केंद्रीय स्तर के अधिकारियों द्वारा काम पर नियुक्त किया जाता है। 23 अगस्त 2024 के सरकारी निर्णय के अनुसार वास्तविक चुनाव के दौरान आवश्यक कार्यों के अतिरिक्त गैर-शैक्षणिक कार्य, चुनाव से संबंधित नियमित कार्य जो आमतौर पर पूरे वर्ष भर चलते रहते हैं, बीएलओ के कार्य को गैर-शैक्षणिक कार्य की संज्ञा दी गई है। सरकार के निर्णय के अनुसार प्राथमिक शिक्षकों को गैर शैक्षणिक कार्य सौंपने एवं शिक्षकों से कराने पर रोक है। इसलिए इस बयान में मांग की गई है कि भिवंडी मनपा क्षेत्र के प्राथमिक शिक्षा बोर्ड में जिन शिक्षकों को बीएलओ कार्य करने का आदेश दिया गया है, उसे तुरंत रद्द कर कार्य से मुक्त किया जाए।*

# रविवार को होगा बालासाहेब ठाकरे चौपाटी के दूसरे चरण का उद्घाटन

## ▶▶ विधायक प्रताप सरनाईक व मनपा आयुक्त सौरभ राव ने किया निरीक्षण

**दोपहर संवाददाता । ठाणे**

केंद्र व राज्य सरकार और मनपा ठाणे स्मार्ट सिटी की ओर से नागला बंदर खाड़ी के किनारे हिंदुहृदयसम्राट शिवसेनाप्रमुख बालासाहेब ठाकरे चौपाटी का निर्माण कार्य किया गया। वहीं गायमुख के दूसरे चरण का उद्घाटन 1 सितंबर को किया जायेगा। इस परियोजना



का शुक्रवार को विधायक प्रताप सरनाईक व मनपा आयुक्त सौरभ राव ने दौरा कर निरीक्षण किया। गायमुख में स्मार्ट सिटी के अंतर्गत लगभग 800 मीटर लंबी चौपाटी पर जेट्टी, गणेश मूर्ति विसर्जन घाट, दशक्रिया विधी घाट, फुटपाथ, मियावाकी गार्डन, बैठने के लिए व्यवस्था, अम्फी थिएटर, वाहन पार्किंग व्यवस्था, प्रसाधनगृह, लाईट व सीसीटीवी आदि का व्यवस्था किया गया है।

# 40 लाख कैश और 16 करोड़ से ज्यादा का सोना मिला

## ▶▶ मुंबई में डीआरआई ने तीन तस्करों को किया गिरफ्तार

**दोपहर संवाददाता । मुंबई**

राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने कार्रवाई करते हुए मुंबई में तीन गोल्ड स्मगलर्स को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 16.71 करोड़ रुपए मूल्य का 22.89 किलोग्राम सोना और 40 लाख रुपए कैश मिले हैं। तीनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। एजेंसी के अनुसार, डीआरआई को इस मामले की सूचना मिली थी। इसके बाद टीम अलर्ट हो गई और चेकिंग अभियान शुरू किया। केंद्रीय एजेंसी की ओर से जारी एक बयान ने कहा गया है कि मामले की सूचना मिलने के बाद डीआरआई की मुंबई जोनल यूनिट ने तीन लोगों को रोका। ये लोग गोल्ड को एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जा रहे थे। टीम ने जब उनके उनके सामान की तलाशी ली तो उनके पास 22.89 किलोग्राम सोना बरामद हुआ। इतना सोना देख अधिकारी भी हैरान रह गए।




*महाराष्ट्र राज्य पायाभूत विकास महामंडल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक ब्रिजेश दीक्षित, रेलवे बोर्ड रेल मंत्रालय के सूचना एवं प्रसार निदेशक शिवाजी सुतार एवं वरिष्ठ जनसंपर्क अधिकारी (रिटायर्ड) मध्य रेल वी चंद्रशेखर को पुस्तक भेंट करते हुए डॉ. अशोक कुमार सिंह, वरिष्ठ जनसंपर्क अधिकारी (सेवा निवृत्त) मध्य रेल, मुंबई। डॉ अशोक कुमार सिंह द्वारा लिखित इस पुस्तक का विमोचन राजभवन प्रांगण में महामहिम राज्यपाल के कर कमलों द्वारा संपन्न हुआ था। यह पुस्तक मुंबई के प्रतिष्ठित प्रकाशक आर के पब्लिकेशन द्वारा प्रकाशित की गई है।*

# रेलवे ने नासिक और दहानू को जोड़ने की बनाई योजना

## ▶▶ नई रेल लाइन के लिए अंतिम स्थान सर्वेक्षण को मंजूरी

**दोपहर संवाददाता । मुंबई**

रेलवे नासिक-दहानू नई रेल लाइन के साथ महाराष्ट्र में रेल कनेक्टिविटी में सुधार के लिए एक और बड़ा कदम उठाने के लिए तैयार है। नासिक-दहानू नई ब्रॉड गेज रेल लाइन परियोजना के लिए अंतिम स्थान सर्वेक्षण को रेल



मंत्रालय द्वारा 2.50 करोड़ रुपए की कुल लागत पर मंजूरी दे दी गई है। नासिक से त्र्यंबकेश्वर और वानगांव के रास्ते दहानू तक 100 किलोमीटर की रेल लाइन दो प्रमुख शहरों को जोड़ेगी।

### आर्थिक वृद्धि और विकास को बढ़ावा

यह नई रेल लाइन पर्यटन को बढ़ावा देने, 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक के दर्शन के लिए त्र्यंबकेश्वर मंदिर और नासिक में पंचवटी (वह स्थान जहां भगवान राम वनवास के दौरान रुके थे) जाने के इच्छुक लाखों भक्तों को रेल परिवहन प्रदान करने में भी सहायक होगी। यह नासिक और पालघर जिले के कई शहरों को जोड़ेगा जिससे क्षेत्र में आर्थिक वृद्धि और विकास को बढ़ावा मिलेगा। नासिक-दहानू नया रेल लिंक महाराष्ट्र में आर्थिक विकास को गति देने, कनेक्टिविटी में सुधार और यात्रियों के लिए समग्र यात्रा अनुभव को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# साढ़े चार साल की बच्ची से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**दोपहर संवाददाता । पालघर**

पालघर जिले में साढ़े चार साल की बच्ची से कथित तौर पर दुष्कर्म करने के आरोप में एक मजदूर को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बुधवार को जव्हार तालुका में हुई घटना के सिलसिले में बृहस्पतिवार को 19 वर्षीय आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।एक अधिकारी ने बताया कि बच्ची के माता-पिता काम पर गए हुए थे और वह अपने दादा-दादी के साथ घर पर थी। इस दौरान आरोपी ने कथित तौर पर उसके घर में घुसकर उसका यौन उत्पीड़न किया। अधिकारी ने बताया कि आरोपी मजदूर पीड़ित बच्ची के इलाके में 'केबल' बिछाने का काम कर रहा था। उन्होंने बताया कि बच्ची ने अगले दिन अपनी मां को इस घटना की जानकारी दी, जिसके बाद पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई।

# बाबा साहेब के विचारों को लोगों तक पहुंचाना और उस पर अमल करना जरूरी : डॉ. माधव कुसेकर

**दोपहर संवाददाता । मुंबई**

भारतरत्न डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर के विचार मेरे लिए उनकी मूर्ति से ज्यादा महत्वपूर्ण है। उनके विचार को हर जगह पहुंचाना और उसे लागू करना महत्वपूर्ण है, ऐसा महाराष्ट्र राज्य परिवहन निगम के उपाध्यक्ष और प्रबंध निदेशक डॉ. ने कहा। माधव कुसेकर ने मुंबई सेंट्रल स्थित निगम के मुख्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में कही। भारत रत्न डॉ. बाबा साहेब अम्बेडकर की अर्ध प्रतिमा का अनावरण कुसेकर के हाथों हुआ। इस अवसर पर वित्तीय सलाहकार और मुख्य लेखा अधिकारी गिरीश देशमुख, निर्माण विभाग के महाप्रबंधक दिनेश महाजन, यंत्र के महाप्रबंधक नंदकुमार कोलारकर, राज्य परिवहन कर्मचारी संघ के धर्मपाल ताकसांडे, सुनील निर्भावने, सदाशिव कांबले और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।



### 'बाबा साहब के विचारों के प्रति निष्ठावान'

डॉ. माधव कुसेकर ने कहा कि मैं बाबा साहब के विचारों के प्रति निष्ठावान हूं, उन्होंने भारत को संविधान और संविधान दिया। कुसेकर ने इस मौके पर कहा कि कम से कम उनकी प्रतिमा देखने के बाद मुझे उम्मीद है कि हर कोई उनके काम और विचारों की विरासत को संरक्षित करना याद रखेगा. डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर ने विभिन्न विषयों पर अपनी व्याख्यात्मक पुस्तकों की रचना की है। मैं हमेशा मेरे पास उपलब्ध उनकी पुस्तकों के विशाल संग्रह का अध्ययन करता हूँ। सभी को उनकी सलाह माननी चाहिए।' डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर ने कहा कि डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर ने हमें यह विचार दिया है कि हमारे परिवहन निगम में विभिन्न संगठनों, कर्मचारियों, अधिकारियों, महिलाओं और पुरुषों के बीच बिना भेदभाव के सद्भाव से काम करना आवश्यक है। मेरी शिक्षा भी शासकीय बालक छात्रावास में हुई है। मैं बाबा साहेब के कार्यों और विचारों से परिचित हूं।

दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

**अनमोल विचार** यादों के धागे कायनात के लम्हें की तरह होते हैं : अमृता प्रीतम


# 'टूरिंग टॉकीज' ऐतिहासिक घटनाओं पर आधारित फिल्में दिखाएं : मुनगंटीवार



दोपहर संवाददाता | मुंबई

महाराष्ट्र के सांस्कृतिक मामलों के मंत्री सुधीर मुनगंटीवार ने राज्य के 'टूरिंग टॉकीज' (घूम-घूमकर फिल्में दिखाने वाले टॉकीज) और टेंट सिनेमा के संचालकों को निर्देश दिया है कि वे प्रमुख हस्तियों की विरासत को दूरदराज के इलाकों तक पहुंचाने के लिए ऐतिहासिक घटनाओं पर आधारित फिल्में दिखाएं। मंत्री ने यह भी कहा कि 'टूरिंग टॉकीज' और टेंट सिनेमा के संचालक राजस्व का वैकल्पिक स्रोत तैयार करने के लिए विभिन्न सरकारी योजनाओं के विज्ञापन प्रदर्शित करें। उक्त निर्देश बृहस्पतिवार को मुनगंटीवार की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक के बाद जारी किए गए, जिसमें राज्य भर में 'टूरिंग टॉकीज' और टेंट सिनेमाघरों के संरक्षण पर चर्चा की गई।

## नवी मुंबई पुलिस आयुक्त के आदेश को बॉम्बे हाईकोर्ट ने किया रद्द



**मुंबई।** बॉम्बे हाई कोर्ट ने एक व्यक्ति को खतरनाक गतिविधियों के आरोप में हिरासत में लेने के नवी मुंबई पुलिस आयुक्त के आदेश को रद्द कर दिया है। अदालत ने कहा कि बिना किसी उचित आधार के गलत तरीके से हिरासत में लिए गए व्यक्ति को 25 हजार रुपए मुआवजा की राशि और उसकी रिहाई दो सप्ताह की अवधि के भीतर की जाएगा। अदालत ने मुआवजे की राशि उन पुलिस अधिकारियों से वसूलने को कहा है, जो व्यक्ति को प्रतिबंधात्मक आदेश के तहत हिरासत में लेने का आदेश दिया। न्यायमूर्ति भारती डांगरे और न्यायमूर्ति मंजूषा देशपांडे की पीठ के समक्ष शिबिन दिनेश तिय्यर की ओर से वकील अनिकेत वागल की दायर याचिका पर सुनवाई हुई। याचिकाकर्ता के वकील ने दलील दी कि बिना पुख्ता सबूत के याचिकाकर्ता को प्रतिबंधात्मक आदेश के तहत हिरासत में लेकर जेल भेज दिया गया। नवी नवी मुंबई के पुलिस आयुक्त ने 7 जून 2014 को महाराष्ट्र खतरनाक झुग्गी-झोपड़ी दादा, शराब तस्करी, खतरनाक गतिविधियों और आवश्यक वस्तुओं की कालाबाजारी में लिप्त गतिविधियों की रोकथाम अधिनियम 1981 की धारा 3 की उपधारा (2) के तहत याचिकाकर्ता के खिलाफ प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया, जिसके तहत उसे हिरासत में लेकर जेल भेज दिया गया। पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ता के खिलाफ प्रतिबंध करने का विवादित आदेश कायम नहीं रखा जा सकता है।

## 13 अस्थिर पुलों से गणेश जुलूस निकालने पर बीएमसी की चेतावनी




धीरज सिंह | मुंबई

महाराष्ट्र के सबसे बड़े सार्वजनिक त्यौहार गणेशोत्सव से एक सप्ताह पहले, बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) ने शुक्रवार को मुंबई में 13 पुराने और खतरनाक पुलों पर भगवान गणेश की प्रतिमा की शोभायात्रा निकालने वालों को चेतावनी जारी की। बीएमसी ने यह चेतावनी पहले दिन (7 सितंबर) को निकाले जाने वाले बड़े और छोटे जुलूसों के लिए जारी की है, और उसके बाद डेढ़ दिन, पांच दिन, सात दिन और अंतिम दिन (17 सितंबर) के विसर्जन के चरणों के लिए भी जारी की है। नगर निगम ने लोगों से मध्य रेलवे और पश्चिमी रेलवे लाइनों पर इन पुलों पर जुलूस निकालते समय अत्यधिक सावधानी बरतने का आह्वान किया है, जिनमें से कुछ की मरम्मत चल रही है। सिंधुदुर्ग में मालवन के राजकोट किले में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा के हाल ही में दुर्घटनाग्रस्त होने की घटना के बाद यह चेतावनी दी गई है। बीएमसी ने कहा है कि अन्य पुलों की मरम्मत मानसून के बाद की जाएगी।

कॉन्क्रीटी जंगल का असभ्य समाज

# गाड़ी टच हुई तो कैब ड्राइवर पर बरसाए थप्पड़, उठाकर जमीन पर पटका

### तड़पता रहा ड्राइवर, सब आपस में करते रहे बात

दोपहर संवाददाता | मुंबई

दिल्ली, बेंगलुरु, हैदराबाद हो या मुंबई, बीते दिनों से कई रोडरेज की घटनाएं सामने आई हैं। ताजा मामला घाटकोपर इलाके का है। यहां की एक घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है, जो दहला देने वाला है। घटना 18 अगस्त को हुई लेकिन घटनाक्रम का वीडियो 30 अगस्त को सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस फुटेज में दिख रहा है कि एक कार के पीछे कैब जरा सा छूती है और कार से निकल कर शख्स कैब ड्राइवर को मारकर अधमरा कर देता है। वह कैब ड्राइवर को उठाता है और जमीन पर किसी सामान की तरह पटक देता है। वीडियो में देखा जा सकता है कि एक ऑडी Q3 कार से शख्स गुजर रहा है। उसके पीछे एक कैब ड्राइवर है। शख्क कार में अचानक ब्रेक लगाता है और कैब ड्राइवर भी ब्रेक लगाता है, लेकिन तब तक उसकी कैब कार में पीछे की तरफ जरा सी छू जाती है, हालांकि वह तुरंत अपनी कैब बैक गियर में ले लेता है।



### सीसीटीवी फुटेज में क्या?

सीसीटीवी फुटेज में दिख रहा है कि शख्स की कार में मौजूद महिलाएं बाहर निकलती हैं वह कार में पीछे जाकर देखती हैं। वहीं कार से निकला शख्स सीधा कैब की ड्राइविंग सीट की तरफ जाती है। कैब का दरवाजा खोलता है और कैब ड्राइवर को खींचकर बाहर निकालता है।

### ड्राइवर को उठाकर फोर्स से जमीन पर पटका

शख्स कैब ड्राइवर पर एक के बाद एक कई थप्पड़ों का बारिश करने लगता है। उसे मारते-मारते कैब के पीछे की तरफ ले जाता है और उसे उठाकर तेजी से जमीन पर पटकता है। कैब ड्राइवर बेहोश हो जाता है। लोग वहां पहुंचते हैं और उस शख्स को जाने के लिए कहते हैं। वह आदमी और उसकी पत्नी अपनी कार में बैठकर वहां से फरार हो जाते हैं।

### अब मुंबई पुलिस हरकत में आई

घटना के 10 दिन बाद जब वीडियो वायरल हुआ है तब पुलिस हरकत में आई है। पार्कसाइट पुलिस ने बताया कि आरोपी की पहचान कर ली गए है। वह घाटकोपर निवासी ऋषभ बिभाश चक्रवर्ती और उनकी पत्नी अंतरा घोष हैं। दोनों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। दोनों मूलता पश्चिम बंगाल के रहने वाले हैं। पीड़ित 24 वर्षीय ओला कैब ड्राइवर कैमुद्दीन मोइनुद्दीन कुरैशी है।

### लोग आरोपी दंपती पर उतार रहे गुस्सा

पुलिस ने बताया कि कुरैशी के सिर पर गंभीर चोट लगी है। वह घटना के बाद से जेजे अस्पताल के आईसीयू में भर्ती है। फिलहाल उसकी हालत ठीक है। इधर इस घटना के सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर लोगों ने कॉमेंट करना शुरू कर दिया। लोग आरोपी दंपति की कड़ी सजा की मांग कर रहे हैं।

बदलापुर यौन शोषण

## निलंबित शिक्षा अधिकारी की याचिका पर महाराष्ट्र सरकार से जवाब तलब

▶▶ शिक्षा अधिकारी बालासाहेब रक्षे ने अपने निलंबन को राजनीति से प्रेरित बताया



**मुंबई।** बंबई उच्च न्यायालय ने महाराष्ट्र सरकार को ठाणे जिले के एक शिक्षा अधिकारी की उस याचिका पर जवाब देने का शुक्रवार को निर्देश दिया जिसमें बदलापुर के एक स्कूल में दो बच्चियों के कथित यौन शोषण की घटना के आलोक में उसके निलंबन पर रोक लगाए जाने का अनुरोध किया गया है।

शिक्षा अधिकारी बालासाहेब रक्षे ने महाराष्ट्र प्रशासनिक न्यायाधिकरण (एमएटी) के समक्ष उनकी याचिका की अंतिम सुनवाई होने तक निलंबन आदेश पर रोक लगाने का उच्च न्यायालय से आग्रह किया। एमएटी ने 26 अगस्त को उन्हें अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया था। उन्होंने उच्च न्यायालय से राज्य सरकार को इस पद पर किसी अन्य अधिकारी की पदस्थापना करने से रोकने को लेकर निर्देश देने का भी अनुरोध किया।

शिक्षा अधिकारी ने आरोप लगाया है कि मामले में सरकार का आदेश राजनीति से प्रेरित है और उन्हें 'बलि का बकरा बनाया गया है। न्यायमूर्ति ए एस चंदुरकर और न्यायमूर्ति राजेश पाटिल की खंडपीठ ने सरकार को छह सितंबर तक हलफनामा दायर करने का निर्देश दिया। मामले में आगे की सुनवाई छह सितंबर को होगी।

### अगली सुनवाई पर होगा यथा स्थिति पर विचार

बालासाहेब रक्षे के वकील एस बी तालेकर ने अदालत से तब तक यथास्थिति बनाए रखने का आदेश देने का अनुरोध किया, लेकिन अदालत ने कहा कि वह अगली सुनवाई में इस पर विचार करेगी। तालेकर ने तर्क दिया कि रक्षे ने कोई कदाचार नहीं किया और सरकार बदलापुर की घटना के बाद केवल अपना चेहरा बचाना चाहती थी। बदलापुर के एक स्कूल में एक पुरुष सहायक ने दो बच्चियों का कथित यौन उत्पीड़न किया था। वकील ने कहा, 'याचिकाकर्ता (रक्षे) को बलि का बकरा बनाया गया है। सरकार ने पहले मीडिया के सामने बयान दिया कि दो शिक्षा अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया है ।

### घटना का 18 अगस्त को पता चला

उन्होंने दावा किया कि उन्हें यौन उत्पीड़न की घटना के बारे में 18 अगस्त को पता चला और उन्होंने तुरंत अंबरनाथ ब्लॉक शिक्षा अधिकारी से संपर्क किया, उन्हें ठाणे जिले के बदलापुर में स्कूल का दौरा करने, जांच करने और एक रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए कहा। ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ने 20 अगस्त को एक रिपोर्ट प्रस्तुत की जिसके बाद रक्षे ने स्कूल के अध्यक्ष, सचिव और प्रधानाध्यापक को एक कारण बताओ नोटिस जारी किया। नोटिस में स्कूल से परिसर में खराब पड़े सीसीटीवी कैमरों के बारे में स्पष्टीकरण मांगा गया है।

### तथ्यों को अनदेखी कर किया निलंबित

याचिका में कहा कि 21 अगस्त को बदलापुर में स्कूल के प्रबंधन के लिए प्रशासकों की एक समिति गठित की गई थी। याचिकाकर्ता ने सभी प्राथमिक, माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को सीसीटीवी, शिकायत पेटी और छात्रों की सुरक्षा समिति स्थापित करने का भी निर्देश दिया है। यह कदम उठाए जाने के बावजूद, स्कूल शिक्षा मंत्री ने मीडिया में घोषणा की कि ठाणे के शिक्षा अधिकारी (रक्षे) को निलंबित कर दिया गया है।

शिवाजी महाराज की प्रतिमा गिरने का मामला

# कार्रवाई शुरू, कंसल्टेंट हुआ गिरफ्तार

## कला निदेशालय के डायरेक्टर बोले- 6 फीट की परमिशन थी, नौसेना ने बनाई 35 फीट की

दोपहर संवाददाता | मुंबई

महाराष्ट्र के कोल्हापुर में छत्रपति शिवाजी महाराज की मूर्ति गिरने के मामले में सिंधुदुर्ग पुलिस ने स्ट्रक्चरल कंसल्टेंट और ठेकेदार चेतन पाटिल को गिरफ्तार किया है। चेतन को आज सिंधुदुर्ग लाया जाएगा। चेतन पाटिल को गुरुवार रात कोल्हापुर में उसके रिश्तेदार के घर से गिरफ्तार किया गया। चेतन ने पहले दावा किया था कि वह प्रोजेक्ट के स्ट्रक्चरल कंसल्टेंट नहीं थे। 26 अगस्त को छत्रपति शिवाजी महाराज की 35 फीट ऊंची प्रतिमा गिरने के बाद सिंधुदुर्ग पुलिस स्टेशन में FIR दर्ज की गई थी। इसमें ठाणे के मूर्तिकार जयदीप आप्टे का नाम भी शामिल था।



### स्मारक दोबारा बनाएंगे : अजित पवार

महाराष्ट्र के डिप्टी CM अजित पवार शुक्रवार सुबह मालवण के सिंधुदुर्ग पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कहा, 'छत्रपति शिवाजी महाराज हमारे देवता हैं और सभी को उनके इतिहास पर गर्व है। मुख्यमंत्री ने इस मामले में बैठकें की हैं। स्मारक दोबारा बनाया जाएगा। दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। वे जहां भी भागें, उन्हें ढूंढ़ लिया जाएगा।

### मिट्टी का मॉडल दिखाकर परमिशन ली : डायरेक्टर

महाराष्ट्र कला निदेशालय के डायरेक्टर राजीव मिश्रा का कहना है कि उन्होंने केवल 6 फीट की मूर्ति लगाने की परमिशन दी थी। इसके लिए मूर्तिकार ने मिट्टी का मॉडल दिखाया था। मंजूरी मिलने के बाद नौसेना ने निदेशालय को यह नहीं बताया कि मूर्ति 35 फीट ऊंची होगी। न ही यह बताया गया कि इसमें स्टील की प्लेटों का इस्तेमाल किया जाएगा। स्टेट PWD ने नौसेना को 2.44 करोड़ रुपए ट्रांसफर किए थे। नौसेना ने मूर्तिकार और सलाहकार नियुक्त किए और डिजाइन फाइनल होने के बाद इसे निदेशालय को मंजूरी के लिए भेजा गया। बाद में ऊंचाई बढ़ा ली होगी। मिश्रा ने कहा कि अब से कलाकारों और मूर्तिकारों को प्रतिमा स्थापित होने के बाद निदेशालय से अंतिम मंजूरी लेने के लिए कहा जाना चाहिए, न कि केवल मिट्टी के मॉडल के आधार पर।

# कांग्रेस को लगा जोर का झटका

## विधायक ने छोड़ी पार्टी, थामेंगे बीजेपी का दामन

दोपहर संवाददाता | मुंबई

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस को झटका लगा है। कांग्रेस विधायक जितेश अंतापुरकर ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। वो आज भाजपा में शामिल हो सकते हैं। वो देगलुर विधानसभा सीट से विधायक हैं। उन्हें अशोक चव्हाण का समर्थक माना जाता है। कहा जा रहा है कि एमएलसी चुनाव में की गई क्रॉस वोटिंग में वो भी शामिल थे। हालांकि, गुप्त मतदान की वजह से उनका नाम उजागर नहीं हुआ है।



### पिता भी थे विधायक

बता दें कि कुछ दिनों पहले उन्होंने सीएम एकनाथ शिंदे से मुलाकात की थी जितेश अंतापुरकर ने कहा था कि किसानों के मुद्दे को लेकर उन्होंने सीएम से बातचीत की थी। बता दें कि कि जितेश अंतापुरकर के पिता रावसाहब ने साल 2019 में विधायक का चुनाव जीता था, लेकिन कोविड की वजह से उनका निधन हो गया।

### विधानसभा चुनाव को लेकर सभी दलों ने कस ली है कमर

गौरतलब है कि 288 सीटों वाली महाराष्ट्र विधानसभा के लिए अक्टूबर-नवंबर में चुनाव होने की संभावना है। सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के अलावा एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) शामिल हैं।

### जीशान सिद्दीकी और अंतापुरकर को किया निष्कासित

महाराष्ट्र कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले ने शुक्रवार को कहा कि पार्टी ने अपने विधायक जीशान सिद्दीकी और जीतेश अंतापुरकर को निष्कासित कर दिया है। कांग्रेस ने आगामी महाराष्ट्र विधानसभा से ठीक पहले यह कदम उठाया है। जो कि चौकाने वाला है। महाराष्ट्र चुनाव से पहले कांग्रेस के द्वारा उठाया गया ये कदम चौकाने वाला है। जिसके बारे में नागपुर में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने जीशान सिद्दीकी और अंतापुरकर के निष्कासन के कारणों के बारे में विस्तार से नहीं बताया। लेकिन कांग्रेस के सात विधायकों द्वारा विधान परिषद की 11 सीट के लिए द्विवार्षिक चुनाव में क्रॉस वोटिंग करने की घटना के एक महीने से अधिक समय बाद यह कार्रवाई सामने आई है।

## महावितरण ने बकाया वसूली के लिए शुरू की अभय योजना




### ▶▶ब्याज सहित जुर्माना शुल्क होगा माफ

मुंबई। घरेलू, व्यावसायिक और औद्योगिक ग्राहकों पर महावितरण का बकाया बड़े पैमाने पर बढ़ रहा है। बकाया वसूली अब महावितरण के लिए सिरदर्द बन गई है। महावितरण द्वारा बकाया वसूली के लिए युद्ध स्तर पर प्रयास शुरू कर दिए हैं। इसके लिए महावितरण की ओर से अभय योजना शुरू किया गया है। इसके मुताबिक, बकायेदार ग्राहक अगर बकाया का मूल राशि का 100 प्रतिशत भुगतान करता है तो ब्याज सहित जुर्माना माफ कर दिया जाएगा।

### बकाया और ग्राहकों की संख्या

कोल्हापुर 40 करोड़ 2 लाख (2,40,815), सांगली 48 करोड़ 87 लाख (2,58,150) सातारा- 40 करोड़ 38 लाख (2,40,70) बकाया के कारण हजारों उपभोक्ताओं की बिजली काट दी गयी है। कई ग्राहकों की बिजली आपूर्ति स्थायी रूप से काट दी गई है, जबकि कुछ ग्राहकों की बिजली आपूर्ति अस्थायी रूप से काट दी गई है। सर्कुलर के अनुसार, यदि 31 मार्च 2024 को या उससे पहले बिजली आपूर्ति स्थायी रूप से काट दी जाती है, तो 31 मार्च 2024 तक का बकाया माना जाएगा। अभय योजना 1 सितंबर से 30 नवंबर 2024 तक लागू रहेगी।

### ग्राहकों को मिलेगा फायदा

इस योजना के तहत, संपूर्ण मूल बकाया का भुगतान करने पर ब्याज और जुर्माना राशि माफ कर दी जाएगी। बकाया राशि का 100 प्रतिशत एकमुश्त भुगतान करने तथा बकाया राशि का 30 प्रतिशत एकमुश्त भुगतान करने तथा शेष राशि छह किस्तों में भुगतान करने की सहूलियत दी जाएगी। यदि बकायेदार अपना बकाया एकमुश्त भुगतान करते हैं तो उच्च दाब (व्यावसायिक और औद्योगिक) बकाया वाले ग्राहकों को 5 प्रतिशत की अतिरिक्त छूट जबकि निम्न दाब (घरेलू) बकाया वाले ग्राहकों को 10 प्रतिशत की अतिरिक्त छूट मिलेगी।

# एनेस्थीसिया का इंजेक्शन बना काल



महिला कांस्टेबल के मौत ने छोड़े कई सवाल, एफआईआर दर्ज

दोपहर संवाददाता | मुंबई

मुंबई के एक निजी अस्पताल में एक महिला कांस्टेबल की एनेस्थीसिया देने के वजह से मौत हो गई। इसके बाद अस्पताल प्रशासन में हड़कंप मच गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आगे की जांच की जा रही। महिला कांस्टेबल कान की सर्जरी के लिए अस्तपाल गई थी इस दौरान एनेस्थीसिया की वजह से हुई दिक्कतों के कारण मौत हो गई। मुंबई पुलिस की एक महिला कांस्टेबल की एक निजी अस्पताल में कान की 'सर्जरी' लिए 'एनेस्थीसिया' दिए जाने के बाद उत्पन्न दिक्कतों के चलते मौत हो गई। यह जानकारी शुक्रवार को एक अधिकारी ने साझा की। महिला कांस्टेबल की मौत के बाद कई सवाल उठ रहे हैं। पुलिस ने घटना के बाद मामला दर्ज कर लिया है।



### शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कांस्टेबल गौरी सुभाष पाटिल (28) को अंधेरी के पश्चिमी उपनगर लोखंडवाला के एक्सिस अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उन्होंने बताया कि पाटिल को कान की 'सर्जरी' से पहले 'एनेस्थीसिया' दिया गया जिसके बाद उन्हें दिक्कत उत्पन्न हो गईं और गुरुवार रात उनकी मृत्यु हो गई। अधिकारी ने बताया कि मौत की सूचना पुलिस को रात करीब 10 :45 बजे मिली। अधिकारी ने बताया कि मौत का कारण पता लगाने के लिए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### मुंबई पुलिस के स्थानीय शस्त्र प्रभाग में तैनात थीं पाटिल

अधिकारी ने बताया कि अंबोली पुलिस थाने में दुर्घटनावश मौत का एक मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच की जा रही है। पाटिल अंधेरी के मरोल में मुंबई पुलिस के स्थानीय शस्त्र प्रभाग में तैनात थीं।

## संपादकीय

# पहल के पहलू

निस्संदेह, लैंगिक समानता और शिक्षा व रोजगार में पर्याप्त अवसर की दृष्टि से हिमाचल सरकार द्वारा लड़कियों की शादी की कानूनी उम्र 18 से बढ़ाकर 21 वर्ष करना एक प्रगतिशील कदम है। लेकिन साथ ही हिमाचल सरकार द्वारा बाल विवाह निषेध (हिमाचल प्रदेश संशोधन) विधेयक 2024 के इस कदम ने एक नई बहस को भी जन्म दिया है। वहीं कांग्रेस पार्टी के भीतर भी कुछ असंतोष के सुर उभरते दिखे हैं। बहस इस मुद्दे से जुड़ी राष्ट्रीय चर्चाओं को लेकर भी है कि इससे पहले लाया गया केंद्र सरकार का बाल विवाह निषेध संशोधन विधेयक अभी भी एक संसदीय पैनल के समक्ष समीक्षाधीन है। ऐसे में हिमाचल प्रदेश का कानून केंद्रीय पैनल के निष्कर्षों से पहले सामने आने के निहितार्थों पर प्रश्न पैदा करता है। दरअसल, जिस पैनल को केंद्रीय विधेयक की समीक्षा का कार्य सौंपा गया है, वह अभी लड़कियों की शादी की उम्र 21 साल तक बढ़ाने से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श कर रहा है। उम्मीद है कि इसकी रिपोर्ट में सांस्कृतिक संवेदनशीलता, सामाजिक-आर्थिक कारकों और महिलाओं के अधिकारों तथा व्यक्तिगत स्वतंत्रता पर संभावित प्रभाव सहित विभिन्न चिंताओं को संबोधित किया जायेगा। इस मामले में हिमाचल सरकार की स्वतंत्र पहल का निर्णय जहां एक प्रगतिशील कदम है तो वहीं इसे जल्दबाजी में उठाया गया कदम भी कहा जा रहा है। निस्संदेह, हिमाचल सरकार का यह सक्रिय रुख लैंगिक समानता और युवा महिलाओं के सशक्तीकरण के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को ही उजागर करता है। वहीं दूसरी ओर महिलाओं की शादी की उम्र को पुरुषों के बराबर लाकर, सही मायनों में कानून का उद्देश्य उन्हें शादी के दबावों से मुक्त करना भी है। जिससे उन्हें शिक्षा और व्यक्तिगत विकास के लिये समान अवसर मिल सकें। निस्संदेह, ऐसे प्रयास स्त्री सशक्तीकरण की दिशा में एक सार्थक पहल कही जा सकती है। जो कालांतर समाज में लैंगिक समानता का मार्ग प्रशस्त करके उन्हें स्वावलंबी बनाने में मददगार हो सकती है। यही वक्त की मांग भी है। लेकिन वहीं दूसरी ओर खुद कांग्रेस पार्टी में सरकार के निर्णय को लेकर सवाल उठाये जा रहे हैं। कहा गया कि वे सुखविंदर सुक्खू सरकार के कदम से आश्चर्यचकित हैं, क्योंकि कांग्रेस पार्टी ने ही केंद्र में नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा लाए गए इसी तरह के विधेयक का विरोध किया था। जिसकी वजह इसका मुस्लिम समाज पर पड़ने वाला प्रभाव भी था। कांग्रेस ने खासकर मुस्लिम पर्सनल लॉ के संबंध में चिंता भी जतायी थी। वहीं दूसरी ओर हिमाचल भाजपा ने सुक्खू सरकार के कदम पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि तकनीकी रूप से इस कानून को लेकर हमारी पार्टी ने पहल की थी। वहीं कानून के जानकार कह रहे हैं कि इस तरह के कानून पर यदि संसदीय पैनल की रिपोर्ट एक अलग दृष्टिकोण या अतिरिक्त सुरक्षा उपायों का सुझाव देती है तो यह कदम कानूनी और सामाजिक विसंगतियां उत्पन्न करने का जोखिम भी पैदा कर सकता है। कालांतर राष्ट्रीय कानून, एक बार अधिनियमित होने के बाद राज्य कानूनों का स्थान लेगा। जिससे संभावित रूप से भ्रम पैदा हो सकता है। फलतः कालांतर संशोधन की आवश्यकता होगी। निस्संदेह, हिमाचल सरकार के कानून का समय उस व्यापक परामर्श प्रक्रिया को कमजोर करता है,जिस दिशा में संसदीय पैनल सक्रिय है। वहीं दूसरी ओर कह सकते हैं कि हिमाचल सरकार का कानून एक साहसिक कदम है। वहीं यह राष्ट्रीय स्तर पर एक व्यापक व सुसंगत दृष्टिकोण के महत्व को रेखांकित करता है। जो भारत के विविधता के सामाजिक परिदृश्य में इस तरह के महत्वपूर्ण बदलावों को लागू करने की जटिलताओं की ओर ध्यान भी आकृष्ट करता है। निस्संदेह,यह कदम लड़कियों के लिये शिक्षा व कैरियर में आगे बढ़ने के नये अवसर भी सृजित करेगा। वहीं लड़कियों के शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य के लिये भी यह अनिवार्य शर्त है।

# पेंशन की भांति किसान को सुनिश्चित कीमत क्यों नहीं ?



**देविंदर शर्मा**

इसे 'पेंशन सुधार' बताया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) सरकारी कर्मचारियों के लिए सम्मान और वित्तीय सुरक्षा सुनिश्चित करती है। उन्होंने कहा 'हमें उन सभी सरकारी कर्मचारियों की कड़ी मेहनत पर गर्व है जो राष्ट्रीय प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं।' वास्तव में, यूपीएस, जो प्राप्त अंतिम वेतन के 50 प्रतिशत के बराबर पेंशन का आश्वासन देता है – स्वीकारोक्ति है कि पहले वाली और बाजार नीत महंगाई से जुड़ी न्यू पेंशन स्कीम (एनपीएस) सरकारी कर्मचारियों के लिए कारगर नहीं रही। सरकारी कर्मचारियों के लिए 'परिभाषित लाभ' सुनिश्चित करने के लिए, केंद्रीय मंत्रिमंडल ने पेंशन योजना में बदलाव किया ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सेवानिवृत्त कर्मचारियों को बाजार नीत अत्याचार (महंगाई) का सामना न करना पड़े।

हालांकि, प्रधानमंत्री ने कई मौकों पर देश के किसानों की सराहना की है और अकसर कृषक समुदाय द्वारा प्रदर्शित लचीलेपन की प्रशंसा की है, लेकिन लंबे वक्त से चली आ रही गारंटीशुदा कीमत की मांग पर विचार करने में कोई भी इच्छुक नहीं है। अगर सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए बाजार नीत महंगाई से निपटना मुश्किल हो रहा है, तो स्पष्ट कर दें कि बाजार नीत महंगाई किसान के लिए भी उतनी ही बड़ी समस्या है। अगर कर्मचारियों को एक सुनिश्चित पेंशन की जरूरत पड़ती है, तो किसान को भी सुनिश्चित कीमत की जरूरत है। दुनिया में कहीं भी बाजार ने किसानों के लिए उच्च आय सुनिश्चित नहीं की है। प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में, या तो सब्सिडी देकर आय में घाटे की भरपाई की जाती है (चीन कृषि सब्सिडी प्रदान करने में शीर्ष पर उभरा है) या फिर कृषि को अपनी सुविधानुसार बाजार की ताकतों के रहमो-करम पर छोड़ दिया जाता है, मसलन, भारत में।

जैसा कि कुछ अध्ययनों से पता चला है, निष्कर्ष केवल यह है कि भारतीय किसान आय पिरामिड के निचले स्तर पर है, बल्कि पिछले लगभग 25 वर्षों से वे हर साल घाटा उठा रहे हैं। किसानों को कभी खत्म न होने वाली गरीबी से बाहर निकालने का एकमात्र कारगर ढंग है कृषि कीमतों की गारंटी कानूनी रूप से बाध्यकारी तंत्र बनाकर सुनिश्चित करना। परंतु इसकी परवाह न करते हुए, एनडीए सरकार ने कुछ साल पहले सुप्रीम कोर्ट में पेश एक शपथपत्र में कहा कि न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) गारंटी देने वाला कानून बाजार में 'बिगाड़ ला देगा'। अजीब बात यह है कि जब किसानों की बात आती है, तो नीति निर्माता 'बाजार में बिगाड़' का वास्ता देकर और सुनिश्चित कृषि कीमतों से महंगाई पर आगे असर का हौवा खड़ा कर देते हैं। कर्मचारियों के मामले में सुनिश्चित पेंशन से किसी को कोई दिक्कत नहीं है, उनके मामले में, 'बाजार में बिगाड़' का डर अचानक गायब हो जाता है।

जब मुख्यधारा के अर्थशास्त्री मानते हैं कि कानूनन एमएसपी से उपभोक्ता कीमतें बढ़ेंगी और इस तरह 'बाजार में बिगाड़' होगा, तो वास्तव में, यह कॉर्पोरेट मुनाफे को कम करता है और इसीलिए हो-हल्ला मचता है। अजीब बात यह है कि मुक्त बाजार के हामी इन अर्थशास्त्रियों की यही नस्ल तब चुप रहती है जब अमेरिका में कॉर्पोरेट अपने उत्पाद की 'मूल्य वृद्धि' करते हैं – उपभोक्ताओं को नोच खाने के लिए कीमतों में बेजा बढ़ोतरी करते हैं। वास्तव में यह मूल्य विकृति है। अमेरिका में पहले से ही, कैलिफोर्निया, फ्लोरिडा और न्यूयॉर्क सहित 38 राज्यों ने ऐसे कानून बनाए हैं जो इस चलन को प्रतिबंधित करते हैं। उदाहरणार्थ, न्यूयॉर्क राज्य ने उन कंपनियों के खिलाफ़ कदम उठाया जिन्होंने महामारी के दौरान हैंड सैनिटाइज़र की कीमतों में 400 प्रतिशत की वृद्धि की थी। और फिर भी, कई बाजार अर्थशास्त्री साफ नज़र आने वाली ऐसी बाजार विकृतियों पर अंकुश लगाने के उपायों को सोवियत शैली के मूल्य नियंत्रण की ओर वापसी करार देते हैं। बाजार के पक्ष में यह पूर्वाग्रह तब पैदा होता है जब किसानों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान की बारी आए, लेकिन तब नहीं जब कॉर्पोरेट ज्यादा मुनाफा कमाने के लिए कीमतें बढ़ाते हैं। 'बाजार विकृति' पर यह दोगलापन किसानों को जीवनयापन की आय प्रदान करने की राह में अड़चन है। निःसंदेह, किसानों को देय सुनिश्चित कीमत के अनुसार बाज़ार अपने आप समायोजित हो जाएंगे। यह केवल खास किस्म की विचारधारा ही है, जो अड़ंगा लगा रही है। अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने कॉर्पोरेट द्वारा अनाप-शनाप मूल्यवृद्धि पर प्रतिबंध लगाने का आह्वान किया है, जो कोविड महामारी के बाद खाद्य और किराना वस्तुओं की कीमतों में आई 53 प्रतिशत वृद्धि के लिए अकेले जिम्मेदार है। सोयाबीन की मौजूदा कीमतें 12 साल पहले के स्तर पर आ गई हैं, लेकिन कृषि पर निर्भर आजीविका के विनाश ने लाखों सोयाबीन किसानों को गुस्से से भर दिया है। कीमतें, जो एमएसपी से बहुत कम हैं, उत्पादन लागत तक निकालने के लिए भी पर्याप्त नहीं हैं। हैरानी की बात है कि हमारे पास किसानों के लिए एक सुनिश्चित मूल्य नीति कब होगी जो न केवल किसानों की भावी बल्कि वर्तमान पीढ़ी के लिए भी वित्तीय कठिनाइयों को रोकेगी। इसके तुरंत बाद, टमाटर की कीमतों में 60 प्रतिशत की गिरावट के साथ 25 किलोग्राम वाले क्रेट का भाव 300 रुपये के निचले स्तर पर आने की खबरें आईं। और फिर बासमती की कीमतों में 28 प्रतिशत की गिरावट के साथ 2,500 रुपये प्रति क्विंटल आने की खबरें भी आईं। यह केवल इसी साल होने वाली कोई अनोखी बात नहीं है, बल्कि यह चलन एक दर्दनाक सालाना प्रवृत्ति बन चुका है, जिसको लेकर देश में चिंता नहीं है। किसान चाहे वह हो जिसके पास विपणन योग्य अतिरिक्त उत्पाद है या फिर हाशिए पर आता कृषक, जिसको प्रत्यक्ष आर्थिक मदद दी जाती है, उन्हें कानूनन गारंटीकृत एमएसपी प्रदान करना, वह बड़ा सुधार है जिसका इंतजार कृषि को शिद्दत से है।

## सहज योग

# मुंबई में आदि शक्ति



जो आदिशक्ति का ही प्रतिबिम्ब है, वो ही 'आई' है। इसलिए मां को आई, ऐसा कहते हैं और बहुत सी जगह मां भी कहा जाता है। इसलिए पहला शब्द, उस मां शब्द से आया है, मम। अम्बा जो है, वो आप जानते हैं कि वो साक्षात कुण्डलिनी हैं।

बंबई का नाम, मुंबई ऐसा था। इसमें तीन शब्द आते हैं मु-अंबा और 'आई'। महाराष्ट्रियन भाषा में, मराठी भाषा में, मां को 'आई' ही कहते हैं। वेदों में भी आदिशक्ति को 'ई' कहा गया है। सो जो आदिशक्ति का ही प्रतिबिम्ब है, वो ही 'आई' है। इसलिए मां को आई, ऐसा कहते हैं और बहुत सी जगह मां भी कहा जाता है। इसलिए पहला शब्द, उस मां शब्द से आया है, मम। अम्बा जो है, वो आप जानते हैं कि वो साक्षात कुण्डलिनी हैं। सो ये त्रिगुणात्मिका- तीन शब्द हैं। और बम्बई में भी आप जानते हैं कि महालक्ष्मी, महासरस्वती, महाकाली ये तीनों का ही एक सुन्दर मन्दिर है। जहां पर पृथ्वी से ये तीन देवियां निकली हैं। हांलाकि, यहां पर बहुत गैर तरीके लोग उपयोग में लाते हैं, पर तो भी ये तीनों देवियां यहां जागृत हैं।

सो बम्बई वालों के लिए एक विशेष रूप से समझना चाहिए कि ऐसी तीनों ही मूर्तियां कहीं भी पाई नहीं जाती। वैसे तो आप जानते हैं कि ही माहूरगढ़ में महासरस्वती हैं, और तुलजापुर में भवानी हैं महाकाली हैं, और कोल्हापुर में महालक्ष्मी और वरणी में अर्धमात्रा जो है उसे हम आदिशक्ति कहते हैं, वो हैं। लेकिन यहां तीनों ही मूर्तियां जागृत हैं। लेकिन जहां सबसे ज्यादा मेहनत होती है, और जहां पर चैतन्य सबसे ज्यादा अपना कार्य करता है। उसकी वजह भी कभी- कभी यह होती है कि उन जगहों में कुछ न कुछ ऐसी त्रुटियां होती हैं, जिसका कुछ न कुछ कारण होता है और उस कारण को किसी तरह से नष्ट करने के लिए ही ऐसी मूर्तियां वहां (unclear – प्रकट) होती हैं। कहा जाए कि जैसे अरेबिक देशों में जोरास्टर ने पांच बार जन्म लिया। उसके बाद अनेक आदि गुरुओं ने वहां जन्म लिया। अब्राहम, मोज़ज़ और फिर अंत में मोहम्मद साहब ने भी वहां जन्म लिया। क्योंकि वहां बहुत जरूरत थी, इसलिए जन्म लिया गया और वहां ये कार्य हुआ। लेकिन बंबई शहर के बारे में ये कहा जाता है कि यहां लोग बहुत ही ज्यादा भौतिकवादी शुरू से रहे होंगे।

ऐसा किस्सा है कि एक बार पुण्डरिकाक्ष, पुण्डरीक अपने मां बाप को ले करके बंबई शहर में आ गया। वो अपने मां बाप को एक कावड़ में बिठा करके तीर्थ यात्रा के लिए जा रहा था। दोनों बूढे थे। और जब वो तीर्थ यात्रा में जा रहा था। तो उसने सोचा कि चलो अच्छी नगरी है मुंबई, तो यहां दो मिनट आराम किया जाए। तो वहां जब वे रुक गए तो उसकी जितनी भी चैतन्य की लहरियां थी इतनी खराब हो चुकी थी, उस जगह की, भौतिक वाद की वजह से। भौतिकता की वजह से उसके मन में ये विचार आया कि मैं इन मां बाप को लेकर कहां जा रहा हूं? और क्या मुझे करने का है? और इससे मेरा क्या लाभ होगा? तो उसने अपने मां-बाप से कहा कि आपको अब जैसा भी करना है, आप अपनी व्यवस्था करो मुझे कुछ पता नहीं। तो मां-बाप सोचने लगे क्या बात है। उन्होंने भी देखा कि यहां चैतन्य कुछ गड़बड़ है।


प्रस्तुति : धीरज सिंह

## जीवन ऊर्जा

अमृता प्रीतम : जन्म- 31 अगस्त 1919 | जन्म

अमृता प्रीतम एक भारतीय उपन्यासकार, निबंधकार और कवयित्री थी। उनका जन्म 31 अगस्त 1919 में हुआ था। उन्होंने पंजाबी और हिंदी साहित्य में बहुत कार्य किया। उन्होंने कविता, कथा, जीवनी, निबंध, पंजाबी लोक गीतों का संग्रह और एक आत्मकथा की 100 से अधिक पुस्तकें लिखीं। जिनका कई भारतीय और विदेशी भाषाओं में अनुवाद किया गया था। उन्होंने 1956 में साहित्य अकादमी पुरस्कार प्राप्त किया था। 1969 में उन्हें पद्म श्री से सम्मानित किया गया था और 2004 में उन्हें पद्म विभूषण प्रदान किया गया। उनका निधन 31 अक्टूबर 2005 में हुआ।

# यादों के धागे कायनात के लम्हें की तरह होते हैं



जब कोई पुरुष महिलाओं की शक्ति को नकाराता है, तो वह अपने ही अवचेतन को नकार रहा होता है। ऐसी कई कहानियां हैं जो कागजों में नहीं हैं, बल्कि औरतों के शरीर और उनके अंदर लिखी हुई हैं। जिंदगी तुम्हारे उसी गुण का इम्तिहान लेती है, जो तुम्हारे भीतर मौजूद है। कहानी लिखने वाला बड़ा नहीं होता, बड़ा वह है जिसने कहानी अपने जिस्म पर झेली है। मैं स्वतंत्र और अनैतिक महसूस करती हूं। प्यार कभी-कभी आप पर छाप छोड़ सकता है। फूल घर के अंदर सिर्फ मेहमान होते हैं, जो की पेड़ है। यादों के धागे कायनात के लम्हे की तरह होते हैं। तेरहवां चौदहवां वर्ष, पता नहीं, कैसा होता है! यह शायद एक देहलीज़ होती है बचपन और जवानी के बीच। सभ्यता का युग तब आएगा जब औरत की मरजी के बिना कोई औरत के जिस्म को हाथ नहीं लगाएगा। इंसान भी एक समुद्र है किसी को क्या मालूम कि कितने हादसे और कितनी यादें उसमें समाई हुई होती हैं। कई बातें ऐसी होती हैं, जिन्हें शब्दों की सज़ा नहीं देनी चाहिए। स्त्री तो ख़ुद डूब जाने को तैयार रहती है, समंदर अगर उसकी पसन्द का हो। नौकर की जरूरत है, इसलिए वह अल्लाह सर्वशक्तिमान के साथ सौदेबाजी शुरू करता है। अगर एक महिला स्पष्ट शब्दों में अपनी पहचान व्यक्त करती है, तो वह एक पहाड़ के कोने में बैठी हुई देवी होगी या सबसे निचली गुफा में छिपी एक अपराधी।

प्यार को थोड़ी देर के बाद टूटे हुए जूते की तरह खींचना पड़ता है। जिस तीव्रता के साथ हम सोचते हैं कि वह आंखों को दिखाई देती है, कानों को सुनाई देती है, और मनुष्य द्वारा सूंघी जा सकती है। हर कोई सोचता है कि उनकी गलती छोटी है और दूसरों द्वारा दी गई सजा बड़ी है। चमत्कार एक इंच में होने वाली दुर्घटनाएं हैं।

## शख्सियत | रितुपर्णो घोष

# नेशनल अवॉर्ड जीतने वाले एक दमदार डायरेक्टर



रितुपर्णो घोष वो एक्टर और डायरेक्टर हैं, जिन्होंने 12 नेशनल अवॉर्ड जीते। कई इंटरनेशनल अवॉर्ड भी अपने नाम किए। उन्होंने बंगाली सिनेमा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया था। वो भले ही पुरुष थे, लेकिन उन्हें महिलाओं की तरह संजना-संवरना पसंद था। वो महिलाओं की भावनाओं को अच्छी तरह समझते थे, इसलिए उनकी ज्यादातर फिल्में वुमेन सेंट्रिक हैं। उनकी बहुत कम उम्र में मौत हो गई थी, लेकिन सिनेमा के जरिए उन्हें आज भी याद किया जाता है।

रितुपर्णो घोष का जन्म 31 अगस्त 1963 को बंगाली फैमिली में कोलकाता में हुआ था। उनके पिता सुनील घोष डॉक्युमेंट्री फिल्ममेकर और पेंटर थे। इसलिए उन्होंने भी इसी फील्ड में अपना करियर बनाने का फैसला किया। उन्होंने स्कूलिंग खत्म करने के बाद इकोनॉमिक्स में बैचरल और मास्टर डिग्री हासिल की और कम उम्र में ही सिनेमा का रुख किया। रितुपर्णो घोष इंडियन मूवी डायरेक्टर, एक्टर, राइटर और लिरिसिस्ट थे। उन्होंने एक एडवरटाइजिंग एजेंसी में बतौर क्रिएटिव आर्टिस्ट अपने करियर की शुरुआत की थी। उन्हें अपनी दूसरी फीचर फिल्म Unishe April से पहचान मिली, जिसने बेस्ट फीचर फिल्म के लिए नेशनल अवॉर्ड जीता था। आपको जानकर दंग रह जाएंगे कि रितुपर्णो ने अपर्णा सेन और गौतम घोष संग मिलकर कुल 19 नेशनल अवॉर्ड अपने नाम किए थे। रितुपर्णो घोष इंडियन सिनेमा के पहले ऐसे शख्श थे, जिन्होंने अपनी Homosexual पर्सनैलिटी के बारे में बिना किसी झिझक के खुलेआम बताया था। वो LGBTQ पर बोलने वाले भी पहले सिनेमाई शख्स थे। बताया जाता है कि वो पूरी तरह से एक महिला बनना चाहते थे, जिसके लिए उन्होंने सर्जरी कराई और हार्मोन थेरेपी का सहारा भी लिया। कहते हैं कि इसी वजह से उनकी बॉडी में कई साइड इफेक्टस हुए। 30 मई 2013 को हार्ट अटैक से उनकी कोलकाता में मौत हो गई थी। एक समय ऐसा आया था, जब रितुपर्णो घोष महिलाओं की तरह ही साड़ी और सलवार-कुर्ता पहनने लगे थे। कुछ लोगों को उनका ये अंदाज पसंद नहीं आया और लोगों ने उनसे दूरी बना ली। कहते हैं कि जब उनकी मौत हुई, तब उनका कोई भी करीबी आसपास नहीं था। वो LGBT ग्रुप को खूब सपोर्ट करते थे।

रितुपर्णो घोष, सत्यजीत रे के काम से बहुत प्रभावित थे और वो रवींद्रनाथ टैगोर को खूब पढ़ते थे। टैगोर की रचनाओं का अक्सर उनकी फिल्मों में उल्लेख देखने को मिला है। उन्होंने टैगोर के जीवन पर आधारित एक डॉक्युमेंट्री भी बनाई, जिसका नाम Jeevan Smriti है। लगभग दो दशकों के करियर में उन्होंने 12 नेशनल और कई इंटरनेशनल अवॉर्ड अपने नाम किए।

## सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



# हनुमान चालीसा में हैं सफलता के कई सूत्र

(भाग 1)



हनुमान चालीसा प्रतिदिन दिनचर्या के हिसाब से लिखी गयी है एक बार फिर से पढ़े कई लोगों की दिनचर्या हनुमान चालीसा पढ़ने से शुरू होती है। पर क्या आप जानते हैं कि श्री हनुमान चालीसा में 40 चौपाइयां हैं, ये उस क्रम में लिखी गई हैं जो एक आम आदमी की जिंदगी का क्रम होता है। तुलसीदास ने हनुमानचालीसा की रचना की थी। हनुमान को गुरु बनाकर उन्होंने राम को पाने की शुरुआत की। अगर आप सिर्फ हनुमान चालीसा पढ़ रहे हैं तो यह आपको भीतरी शक्ति तो दे रही है लेकिन अगर आप इसके अर्थ में छिपे जिंदगी के सूत्र समझ लें तो आपको जीवन के हर क्षेत्र में सफलता दिला सकते हैं। हनुमान चालीसा सनातन परंपरा में लिखी गई पहली चालीसा है शेष सभी चालीसाएं इसके बाद ही लिखी गई। हनुमान चालीसा की शुरुआत से अंत तक सफलता के कई सूत्र हैं। आइए जानते हैं हनुमान चालीसा से आप अपने जीवन में क्याक्या बदलाव ला सकते है। हनुमान चालीसा की शुरुआत गुरुसे हुई है।

**श्रीगुरु चरन सरोज रज,**
**निज मनु मुकुरु सुधारि।**

अर्थअपने गुरु के चरणों की धूल से अपने मन के दर्पण को साफ करता हूं। गुरु का महत्व चालीसा की पहले दोहे की पहली लाइन में लिखा गया है। जीवन में गुरु नहीं है तो आपको कोई आगे नहीं बढ़ा सकता। गुरु ही आपको सही रास्ता दिखा सकते हैं।

इसलिए तुलसीदास ने लिखा है कि गुरु के चरणों की धूल से मन के दर्पण को साफ करता हूं। आज के दौर में गुरु हमारा मेंटोर भी हो सकता है, बॉस भी। माता-पिता को पहला गुरु ही कहा गया है। समझने वाली बात ये है कि गुरु यानी अपने से बड़ों का सम्मान करना जरूरी है। अगर तरक्की की राह पर आगे बढ़ना है तो विनम्रता के साथ बड़ों का सम्मान करें। चालीसा की चौपाई है

**कंचन बरन बिराज सुबेसा**
**कानन कुंडल कुंचित केसा।**

अर्थआपके शरीर का रंग सोने की तरह चमकीला है, सुवेष यानी अच्छे वस्त्र पहने हैं, कानों में कुंडल हैं और बाल संवरे हुए हैं। आज के दौर में आपकी तरक्की इस बात पर भी निर्भर करती है कि आप रहते और दिखते कैसे हैं। फर्स्ट इंप्रेशन अच्छा होना चाहिए।

अगर आप बहुत गुणवान भी हैं लेकिन अच्छे से नहीं रहते हैं तो ये बात आपके करियर को प्रभावित कर सकती है। इसलिए, रहन-सहन और ड्रेसअप हमेशा अच्छा रखें। (क्रमशः)



**पंडित कैलाशचंद्र शर्मा**
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

## प्रेरक प्रसंग

### लालच

एक दिन चरवाहा अपनी बकरियों को लेकर जंगल में चराने लगा। वहा जंगल में चरवाहा का बहुत सारी जंगली बकरिया भी दिखाई दिखाई दी। उसकी नियत बिगड़ गई उसने सोचा की यह जंगली बकरियों को में अपनी बकरियों के साथ में मिला लेता हु। चरवाहा जंगली बकरियों का सभी तरह से देखभाल करने लगा। जंगली बकरियों के लालच में उनकी देखभाल में इतना व्यस्त हो गया की वह अपनी बकरियों का देखभाल करना ही भूल गया। जैसे बारिश का मौसम चला गया वैसे ही जंगली बकरिया मौका देखकर भाग गए। जब पता चला तो चारवाहा सोचने लगा कि कोई बात नही मेरी बकरियों तो मेरे पास है। अब सिर्फ मुझे अपनी बकरियों पर ही ध्यान देना होगा। पर बहुत देर हो चुकी थी, क्योंकि बकरियों बहुत कमजोर हो चुकी थी और कुछ दिनों में वे सभी बकरिया धीरे धीरे मरने लगी। उस जंगली बकरियों के चक्कर चरवाह अपनी बकरिया से भी हाथ धो बैठता है।

### जैसी करनी वैसी भरनी

एक रात, तीन चोरों ने एक अमीर आदमी के घर से बहुत सारे पैसे चुराए। उन्होंने पैसे एक बैग में डाले और जंगल चले गए। उन्हें बहुत भूख लगी हुई थी। इसलिए, उनमें से एक चोर भोजन खरीदने के लिए पास के गांव में चला गया। अन्य दो चोर पैसे के थैले की देखभाल करने के लिए जंगल में ही रह गये। भोजन के लिए गया चोर ने तरकीब निकाली। उसने एक होटल में अपना खाना खाया। फिर उसने जंगल में अपने दो साथियों के लिए भोजन खरीदा और उस खाने में ज़हर मिला दिया। उसने सोचा, वे दोनों इस जहरीले भोजन को खाएंगे और मर जाएंगे। और मुझे अपने लिए बहुत सारा पैसा मिल जाएगा। इस बीच, जंगल में दोनों चोरों ने अपने साथी को मारने का फैसला किया। उन्होंने सोचा कि वे उन दोनों के बीच पैसे बांट देंगे। उन तीनों दुष्टों ने अपनी क्रूर योजनाओं को अंजाम दिया। जो चोर अपने लिए सारा पैसा चाहता था, वह जहरीले भोजन के साथ जंगल में आया। उसके पहुंचते ही उन दोनों ने उस चोर को मार डाला। फिर उन्होंने जहरीला खाना खाया और मर गए। इस प्रकार, तीनों दुष्टों को उनके किये की सज़ा मिल गयी। जैसा व्यवहार हम दूसरे के साथ करते है वैसाही कभी न कभी हमारे साथ भी होता है। तो कभी भी किसी के बारे में बुरा नहीं सोचना चाहिए।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुणलाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com **कार्यकारी संपादक :** राजा आदाटे (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)।

## सपनों की दुनिया



सपनों की दुनिया है बड़ी प्यारी,
हर बच्चे की है ये हसरत न्यारी।
आशा की किरण हो उजाले जैसी,
हर सपना हो सच, हो बिल्कुल चांदनी रैसी।

मुसीबतों से मत डरो कभी,
सपने साकार करने की हिम्मत रखो सदा।
कड़ी मेहनत और विश्वास से मिलती है सफलता,
हर मुश्किल को पार कर, चमकाओ अपनी महक।

कभी गिरो तो उठना न छोड़ो,
हर बार नए जोश से फिर से लड़ो।
सपनों की ऊंचाइयों को छूना है तुम्हें,
हर दिन मेहनत करो, खुद पर यकीन करो तुम।

सपनों की दुनिया में जो भी हो कर दिखाओ,
सच्ची मेहनत से सफलता को पाओ।
याद रखो, हर बच्चा है खास,
सपनों को पूरा करने की ताकत है पास।



कहानी

# केला है 'बेरी', बात है बड़ी न्यारी



दोस्तों, आपने कभी सोचा है कि केले क्या होते हैं? फल, सब्जी, या कुछ और? क्या आप जानते हैं कि केला वास्तव में एक ₹बेरी₹ होता है? हां, आपने सही सुना! जब हम बेरी का नाम सुनते हैं, तो हमारे दिमाग में स्ट्रॉबेरी, ब्लूबेरी जैसी चीजें आती हैं। लेकिन क्या आप सोच सकते हैं कि हमारे प्यारे केले भी उसी परिवार से ताल्लुक रखते हैं? चलिए, आज हम आपको इस मजेदार और अजीबोगरीब सच के बारे में बताते हैं, जो आपको हैरान कर देगा और हंसाएगा भी!

### केले हैं बेरी: सच्चाई या मजाक?

जब आप केले खाते हैं, तो शायद ही कभी सोचते होंगे कि यह फल आखिरकार किस वर्ग में आता है। लेकिन वैज्ञानिक दृष्टिकोण से देखा जाए, तो केला एक बेरी है। हां, यह सुनने में थोड़ा अजीब लगता है, लेकिन विज्ञान के हिसाब से यह बिल्कुल सच है।

### केला कैसे बना बेरी?

अब सवाल उठता है कि केला बेरी कैसे बन गया? दरअसल, पौधों के विज्ञान में, बेरी वह फल होता है जो एक फूल से विकसित होता है और जिसमें एक बीज के बजाय कई बीज होते हैं। केले के अंदर छोटे-छोटे बीज होते हैं, जो उसकी बेरी होने की पुष्टि करते हैं। दूसरे शब्दों में, जब आप केले को काटते हैं और उसके अंदर छोटे-छोटे काले धब्बे देखते हैं, तो वही उसके बीज होते हैं। और इसलिए वैज्ञानिकों ने उसे बेरी की श्रेणी में डाल दिया।

### स्ट्रॉबेरी क्यों नहीं है बेरी?

अब आप सोच रहे होंगे कि अगर केला बेरी है, तो स्ट्रॉबेरी क्यों नहीं? अजीब बात यह है कि स्ट्रॉबेरी को हम सब बेरी समझते हैं, लेकिन वह बेरी नहीं है। विज्ञान के अनुसार, स्ट्रॉबेरी में बीज फल के बाहर होते हैं, जबकि असली बेरी में बीज फल के अंदर होते हैं। इसलिए, स्ट्रॉबेरी को बेरी के बजाय ₹एग्रीगेट फ्रूट₹ कहा जाता है।

### केले का सफर: पेड़ से प्लेट तक

केले का सफर भी दिलचस्प है। जब हम केला खाते हैं, तो शायद ही हम सोचते हैं कि यह इतना खास और अनोखा फल है। केले का पौधा एक पेड़ नहीं होता, बल्कि एक बड़ा घास होता है। हाँ, आपने सही सुना, घास! और इस बड़े घास के पौधे से निकला केला हमें स्वादिष्ट और पौष्टिक फल के रूप में मिलता है।

**केले के फायदे :** बेरी होने के अलावा केले में कई फायदे हैं। यह विटामिन C, पोटेशियम और फाइबर से भरपूर होता है, जो हमारे शरीर के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं। केला हमें ऊर्जा भी देता है, और इसलिए एथलीट्स और बच्चों के लिए यह एक परफेक्ट स्नैक है।

### केल और बेरी का कनेक्शन

तो दोस्तों, अब जब भी आप केला खाएंगे, तो याद रखें कि आप एक बेरी खा रहे हैं! यह जानकर आपको हंसी आएगी, लेकिन यह मजेदार और सही तथ्य है। अगली बार जब आप अपने दोस्तों को यह बताएंगे, तो वे भी चौंक जाएंगे और शायद आपकी बात पर यकीन करने में थोड़ा समय लेंगे। लेकिन विज्ञान को मानना ही पड़ेगा, चाहे वह कितना भी मजेदार और अजीब क्यों न हो!

# लूना की चांदनी रात, जादू की बात

बाल कहानी



एक बार की बात है, ऊंचे पहाड़ों से घिरे एक गाँव में, लूना नाम की एक छोटी लड़की रहती थी। लूना का रात के आसमान से एक खास रिश्ता था। हर शाम, वह अपनी खिड़की के पास बैठती और तारों को टिमटिमाते और चाँद को उगते हुए देखती, उसे ऐसा लगता जैसे चाँद उसका दोस्त हो।

एक रात, जब लूना पूर्णिमा को देख रही थी, तो उसने कुछ अजीब देखा। चाँद पहले से कहीं ज़्यादा चमक रहा था, और उससे एक चाँद की किरण निकल रही थी, जो सीधे उसके गाँव के पास के जंगल की ओर इशारा कर रही थी। उत्सुक और थोड़ी उत्साहित, लूना ने रोशनी का पीछा करने का फैसला किया।

अपने दिल में आश्चर्य से भरी हुई, लूना अपने घर से बाहर निकली और जंगल में चली गई। चाँद की किरण ने उसका रास्ता रोशन किया, उसे पेड़ों के बीच से और एक बुदबुदाते नाले के ऊपर ले गई। जैसे-जैसे वह जंगल में अंदर जाती गई, उसने खुद को एक क्रिस्टल-क्लियर झील के किनारे पाया, जिसे उसने पहले कभी नहीं देखा था। झील चांदनी में झिलमिला रही थी, और उसका पानी लाखों हीरों की तरह चमक रहा था।

अचानक, झील की सतह पर लहरें उठने लगीं और पानी से एक सुंदर आकृति उभरी। यह चांद परी थी, जिसके बाल चांदी के थे और पंख सितारों की तरह चमक रहे थे। वह चांद की तरह ही चमक रही थी।

'स्वागत है, लूना,' चांद परी ने एक नरम, मधुर आवाज़ में कहा। 'मैं तुम्हें ऊपर से देख रही थी, और मुझे पता है कि तुम्हें रात का आसमान कितना पसंद है। यह झील मंत्रमुग्ध है, और आज रात, मेरे पास तुम्हारे लिए एक विशेष उपहार है।'

लूना को अपनी आंखों और कानों पर यकीन नहीं हो रहा था। चाँद परी ने झील पर अपना हाथ लहराया, और पानी घूमने लगा और ऊपर उठने लगा, जिससे एक चमकता हुआ गोला बन गया। गोला लूना की ओर तैरता हुआ आया और धीरे से उसके हाथों में आ गया। यह गर्म था और एक नरम, जादुई ऊर्जा से स्पंदित था।

'यह एक मूनस्टोन है,' परी ने समझाया। 'इसमें चाँद और सितारों की शक्ति है। इसके साथ, आप एक इच्छा कर सकते हैं, और यह पूरी हो जाएगी। लेकिन याद रखें, इसका बुद्धिमानी से उपयोग करें, और केवल किसी महत्वपूर्ण चीज़ के लिए।' लूना ने मून स्टोन (चंद्रमा का पत्थर) को अपने दिल के करीब रखा, उसकी गर्माहट को अपने अंदर महसूस किया।




उसने अपनी इच्छा के बारे में ध्यान से सोचा। वह कुछ भी मांग सकती थी— धन, खिलौने, या यहां तक कि उड़ना भी। लेकिन फिर उसे अपनी दादी द्वारा गांव के बुजुर्गों के बारे में बताई गई कहानियां याद आईं, जो एक बार उस समय के बारे में बात करते थे जब फसलें खूब उगती थीं और कोई भी कभी भूखा नहीं रहता था। मुस्कुराहट के साथ, लूना ने अपनी इच्छा जताई। 'मैं चाहती हूँ कि ज़मीन फिर से उपजाऊ हो जाए, ताकि हमारे गाँव में सभी के लिए पर्याप्त भोजन हो सके।' मून स्टोन और भी चमक उठा, और प्रकाश की एक किरण आसमान में चांद तक पहुँची। चाँद परी गर्मजोशी से मुस्कुराई। 'तुमने एक बुद्धिमानी भरी और निस्वार्थ इच्छा की है, लूना। आज से, तुम्हारा गाँव समृद्ध होगा, और ज़मीन बहुतायत से समृद्ध होगी।' फिर चाँद परी ने धीरे से लूना के माथे को छुआ, और एक पल में, लूना ने खुद को अपने बिस्तर पर पाया, चाँद का पत्थर चला गया था लेकिन उसकी गर्माहट अभी भी उसके दिल में थी।

अगली सुबह, लूना बाहर लोगों की खिलखिलाती आवाज सुनकर जाग उठी। वह खिड़की की ओर भागी और गाँव के खेतों को हरे-भरे और हरे-भरे देखा, जहाँ फसलें लंबी और स्वस्थ हो रही थीं। गाँव के लोग बहुत खुश थे, और लूना को अपने दिल में पता था कि उसकी इच्छा पूरी हो गई है।

उस दिन से, लूना उस लड़की के रूप में जानी जाने लगी जिसने अपने गाँव में समृद्धि लाई। और हर रात, वह चाँद को देखती, यह जानते हुए कि आकाश में उसका दोस्त उसे देख रहा है, ठीक वैसे ही जैसे उसने चाँद को देखा था।और इस तरह, लूना खुशी से रहने लगी, इस ज्ञान के साथ कि सच्चा जादू दया, प्रेम और निस्वार्थ इच्छा की शक्ति में निहित है।

पंचतंत्र की कहानी

## हंसों का साथ कछुआ की बात



एक बार की बात है, एक खूबसूरत जंगल में, एक छोटा सा तालाब था जहाँ एक कछुआ रहता था। कछुआ दो हंसों का अच्छा दोस्त था जो अक्सर तालाब पर आते थे। वे घंटों बातें करते और एक-दूसरे की संगति का आनंद लेते।

एक साल, भयंकर सूखा पड़ा और तालाब सूखने लगा। हंस अपने दोस्त के लिए चिंतित थे। वे जानते थे कि कछुआ पानी के बिना जीवित नहीं रह पाएगा। इसलिए, उन्होंने कछुए को दूर एक बड़ी झील में ले जाने की योजना बनाई जहां बहुत पानी था।

हंस एक मजबूत छड़ी लेकर आए और कछुए से कहा कि वह उसे कसकर पकड़े। उन्होंने कहा कि वे छड़ी के दोनों छोर को पकड़कर झील की ओर उड़ेंगे, लेकिन कछुए को चेतावनी दी कि चाहे कुछ भी हो जाए, वह अपना मुँह न खोले। कछुआ सहमत हो गया और उन्होंने अपनी यात्रा शुरू की।

जैसे ही हंस गाँवों और खेतों के ऊपर से उड़े, नीचे मौजूद लोग हंसों के साथ उड़ते हुए कछुए को देखकर हैरान रह गए। वे चिल्लाने लगे और उस दृश्य की ओर इशारा करने लगे। कछुआ, सारा शोर सुनकर उत्सुक हो गया और कुछ कहना चाहता था। लेकिन जैसे ही उसने अपना मुँह खोला, उसने छड़ी छोड़ दी और ज़मीन पर गिर गया। कछुआ ज़मीन पर ज़ोर से गिरा और बुरी तरह घायल हो गया। दुखी और असहाय हंस अपने दोस्त को गिरते हुए देखने के अलावा कुछ नहीं कर सकते थे। कछुए को अपनी गलती का एहसास हुआ और उसने समझा कि बुद्धिमानी भरी सलाह का पालन करना और अपनी जिज्ञासा पर नियंत्रण रखना महत्वपूर्ण है।

**कहानी की सीख :** हमेशा बुद्धिमानी भरी सलाह सुनें और जिज्ञासा या प्रलोभन के आगे झुकने से बचें।

## राशिफल

प्रियंका जैन

**मेष:** समाज में आपके कार्यों की आलोचना होगी। राजकीय सहयोग मिलेगा एवं इस क्षेत्र के व्यक्तियों से संबंध बढ़ेंगे। वाणी पर संयम रखें। दौड़धूप अधिक रहेगी। बुरी खबर मिल सकती है। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**वृष:** विद्यार्थियों को प्रतियोगिता में सफलता मिलेगी। व्यापार अच्छा चलेगा। कार्य निर्णय बहुत शांति से विचार करके करना ही शुभ है। मेहनत सफल रहेगी। कार्य की प्रशंसा होगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे।

**मिथुन:** नौकरी में मनचाही पदोन्नति मिलने के योग बनेंगे। स्वास्थ्य की ओर ध्यान दें। रुका धन मिलेगा। व्यापार में नए अनुबंध होंगे। पुराने मित्र व संबंधियों से मुलाकात होगी। उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी।

**कर्क:** धर्म के कार्यों में रुचि आपके मनोबल को ऊंचा करेगी। यात्रा, निवेश व नौकरी मनोनुकूल रहेंगे। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। जोखिम न उठाएं। प्रसन्नता रहेगी। आर्थिक स्थिति में सुधार की संभावना है।

**सिंह:** दूसरों पर अति विश्वास न करें। वस्तुएं संभालकर रखें। आपकी मिलनसारिता व धैर्यवान प्रवृत्ति आपके जीवन में आनंद का संचार करेगी। फालतू खर्च होगा। शारीरिक कष्ट संभव है।

**कन्या:** व्यवसाय ठीक चलेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। प्रसन्नता रहेगी। सार्वजनिक कार्यों में समय व्यतीत होगा। डूबी हुई रकम प्राप्त होगी। संतान की ओर से शुभ समाचार मिलेंगे। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

**तुला:** उत्तम मनोबल आपकी सभी समस्याओं को हल कर देगा। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। योजना फलीभूत होगी। नए अनुबंध होंगे, प्रयास करें। प्रसन्नता रहेगी। प्रतिष्ठित जनों से मेलजोल बढ़ेगा।

**वृश्चिक:** अपनी वस्तुएं संभालकर रखें। जीवनसाथी से मतभेद। व्यवहारकुशलता से समस्या का समाधान हो सकेगा। राजकीय बाधा दूर होगी। पूजा-पाठ में मन लगेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। निवेश शुभ रहेगा।

**धनु:** विवाद को बढ़ावा न दें। आय कम होगी। नए संबंध लाभदायी सिद्ध होंगे। व्यावसायिक क्षेत्र में सफलता का विशेष योग है। व्यापारिक निर्णय जल्दबाजी में न लें।

**मकर:** व्यवसाय ठीक चलेगा। चिंता रहेगी। प्रमाद न करें। परेशानियों का मुकाबला करके भी लक्ष्य को प्राप्त कर सकेंगे। राजकीय बाधा दूर होगी। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी।

**कुंभ:** यात्रा, नौकरी व निवेश लाभदायक रहेंगे। व्यापार में कर्मचारियों पर अधिक विश्वास न करें। संपत्ति के कार्य लाभ देंगे। शत्रु परास्त होंगे। बेरोजगारी दूर होगी। आर्थिक स्थिति कमजोर रहेगी।

**मीन:** व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रसन्नता बनी रहेगी। आय में अधिक व्यय से मनोबल कमजोर पड़ सकता है। यात्रा मनोरंजक रहेगी। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे।

# मंगल + राहु = अंगारक योग/दोष



मंगल जो कि अग्नि का कारक ग्रह है, राहु नामक वायुवीय ग्रह के साथ संयोग कर अपने दुष्प्रभाव में भारी बढ़ोत्तरी कर लेता है। ऐसे में पीड़ित जातक हिंसात्मक, कुप्रवृत्तियों में संलग्न, आचरणहीन, व्यभिचार में रत, दूसरों का बुरा चाहने वाला स्वार्थी किस्म का बन जाता है। ऐसे जातकों की एक और खासियत होती है कि वे दूसरों के धन पर आश्रित होकर भी उन्हीं का अहित कर बैठते हैं। किंतु यहां पर यह बात ध्यान देने योग्य है कि जब कुंडली में अंगारक योग बनाने वाले मंगल, तथा राहु अथवा केतु में से किसी के शुभ होने की स्थिति में जातक को अधिक अशुभ फल प्राप्त नहीं होते और कुडली में मंगल तथा राहु केतु दोनों के शुभ होने की स्थिति में इन ग्रहों का संबंध अशुभ फल देने वाला अंगारक योग न बना कर शुभ फल देने वाला अंगारक योग बनाता है। दूसरी ओर किसी कुंडली के तीसरे घर में शुभ मंगल का शुभ राहु अथवा शुभ केतु के साथ संबंध हो जाने से कुंडली में बनने वाला अंगारक योग शुभ फलदायी होगा जिसके प्रभाव में आने वाले जातक उच्च पुलिस अधिकारी, सेना अधिकारी, प्रशासनिक अभिकर्ता आदि भी बन सकते हैं जो अपनी आक्रमकता तथा पराक्रम का प्रयोग केवल मानवता की रक्षा करने के लिए और अपराधियों को दंडित करने के लिए करते हैं। किंतु इसी भाव मे अगर यह योग अशुभता में है तो मुश्किलें भी बढा सकता है। यदि फिर भी किसी जातक को अंगारक योग के दुष्प्रभाव से जूझना पड़ रहा है तो विधिपूर्वक हनुमत आराधना से ये दोनों ग्रह पीड़ामुक्त होंगे तथा राहु के बीज मंत्र का उच्चारण सहित मंगल व राहु के लिए निर्दिष्ट दान करना सही रहेगा। राहू शांति पूजा लाभदायक हो सकती है, मंगल शांति पूजा भी की जा सकती हैं!



प्रियंका जैन
9769994439

## खबर संक्षेप

### विमान में महिला क्रू मेंबर से छेड़खानी

**वाराणसी।** वाराणसी के लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर उड़ान भरने के लिए तैयार एक विमान में यात्री ने महिला क्रू मेंबर से छेड़खानी कर दी। अचानक यात्री के गलत तरीके से छूने पर महिला क्रू मेंबर अवाक रह गई। उसने पहले इसकी सूचना विमान के अन्य क्रू मेंबर को दी। इसके बाद एयरलाइंस के अधिकारियों तक मामला पहुंचा। क्यूआरटी के साथ पहुंचे अफसरों ने यात्री को विमान से नीचे उतारने की कोशिश की तो हंगामा खड़ा हो गया। किसी प्रकार उसे विमान से नीचे लाकर पुलिस के हवाले किया जा सका। इस कारण विमान भी एक घंटे से ज्यादा समय की देरी से उड़ान भर सका। तेलंगाना के रहने वाले यात्री से पुलिस पूछताछ में जुटी है।

### फेसर रेलवे स्टेशन पर ट्रेन से कटकर अधेड़ की मौत

**औरंगाबाद।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय रेलखंड के फेसर रेलवे स्टेशन पर ट्रेन की चपेट में आने से एक 55 वर्षीय अधेड़ की दर्दनाक मौत हो गई है। घटना शुक्रवार दोपहर की बताई जा रही है। मृतक की पहचान अंबा थाना क्षेत्र के मनोरथा गांव निवासी करधनी रजक के रूप में हुई है। सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के दौरान परिजनों ने बताया कि करधनी रजक अपनी पत्नी के साथ गया के एक निजी अस्पताल में दवा कराने के लिए जा रहे थे। फेसर रेलवे स्टेशन से ट्रेन पकड़कर गया जाने के लिए वे टिकट कटाकर प्लेटफार्म के सहारे पार कर रहे थे। इसी दौरान अचानक एक ट्रेन आ गई, जिसकी चपेट में आने से उनकी मौत हो गई। हादसे में मृतक का शव क्षत-विक्षत हो गया। घटना के बाद पत्नी के चीखने-चिल्लाने की आवाज सुनकर आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना जीआरपी पुलिस को दी। सूचना पर जीआरपी पुलिस पहुंची और फेसर पुलिस से संपर्क कर शव हवाले करा दिया। इधर घटना की सूचना पर परिजन पहुंचे और चीत्कार उठें।

### पेरिस पैरालंपिक में राजस्थान की बेटी अवनि लेखरा ने रचा इतिहास

**जयपुर।** पेरिस पैरालंपिक में राजस्थान की निशानेबाज अवनि लेखरा ने इतिहास रच दिया है। अवनि ने महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में जीत दर्ज करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया है। वहीं इस स्पर्धा में राजस्थान की ही मोना अग्रवाल तीसरे स्थान पर रही। जिन्होंने ब्रॉन्ज मेडल जीता है। अवनि लेखरा ने पेरिस पैरालंपिक में दो स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनकर इतिहास रच दिया है।

# भगवा रंग में रंगे चंपाई सोरेन

- बीजेपी का थामा दामन
- गाजे-बाजे के साथ हुआ स्वागत

**एजेंसी । रांची**

झारखंड के पूर्व सीएम और झामुमो के बागी चंपाई सोरेन ने बीजेपी का दामन थाम लिया है। चंपाई सोरेन के साथ उनके बेटे बाबूलाल सोरेन ने भी सदस्यता ग्रहण की। चंपाई सोरेन को केंद्रीय कृषि मंत्री और झारखंड बीजेपी के प्रभारी शिवराज सिंह चौहान और असम के सीएम और सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने उन्हें सदस्यता दिलाई।




### चंपाई हुए बीजेपी में शामिल

कोल्हान टाइगर कहे जाने वाले चंपाई सोरेन ने बीजेपी की सदस्यता ले ली है। रांची के धुर्वा गोलचक्कर मैदान में आयोजित समारोह में उन्होंने बीजेपी का दामन थामा। इस दौरान झारखंड बीजेपी अध्यक्षबाबूलालमरांडी,अमरबाउरी,लक्ष्मीकांत वाजपेयी, पूर्व सीएम अर्जुन मुंडा सहित कई अन्य नेता मौजूद रहे।



### क्यों नाराज थे चंपाई ?

चंपाई सोरेन सीएम पद से हटाए जाने के बाद से JMM नाराज चल रहे थे। उन्होंने आरोप लगाया कि झामुमो में उनका अपमान हुआ है। इसके बाद चंपाई सोरेन और हेमंत सोरेन के रिश्तों में खटास आ गई। इस दौरान चंपाई सोरेन ने दो बार दिल्ली का भी दौरा किया और बीजेपी के शीर्ष नेतृत्व से मुलाकात भी की। दिल्ली में उन्हेंने गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात की और वहां से सिग्नल मिल जाने के बाद उन्होंने ऐलान कर दिया था कि वह बीजेपी में शामिल हो जाएंगे।

# गरीबी से जूझ रहे लोगों का मजाक है कांग्रेस की 'भारत डोजो यात्रा' : मायावती

**एजेंसी । लखनऊ**

लखनऊ। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की ओर से अपने यूट्यूब चैनल पर डाले गए वीडियो को देखकर बसपा प्रमुख मायावती भड़क गईं। मायावती ने 'भारत डोजो यात्रा' को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधते हुए शुक्रवार को कहा है कि यह गरीबी से जूझ रहे लोगों के साथ एक 'मजाक' है और खेलों का राजनीतिकरण हानिकारक है। दरअसल राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को यूट्यूब चैनल पर इस साल की शुरुआत में निकाली गई 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के समय का का एक वीडियो साझा किया है। वीडियो में वह कई बच्चों के साथ मार्शल आर्ट की बारीकियां साझा करते नजर आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि जल्द ही 'भारत डोजो यात्रा' शुरू होने जा रही है।

### राहुल गांधी का वीडियो देख भड़कीं मायावती



मायावती ने इसको लेकर कांग्रेस पर सीधा निशाना साधते हुए 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'पेट भरे लोगों के लिए डोजो और अन्य खेलकूद के महत्व से किसी को इनकार नहीं, लेकिन गरीबी, बेरोजगारी, महंगाई और पिछड़ेपन आदि से त्रस्त जीवन से जूझ रहे उन करोड़ों परिवारों का क्या जो पेट पालने के लिए दिन रात कमर तोड़ मेहनत को मजबूर हैं। क्या भारत डोजो यात्रा उनका उपहास नहीं?' 'डोजो' आमतौर पर मार्शल आर्ट के लिए एक प्रशिक्षण कक्ष या स्कूल को कहा जाता है। मायावती ने लिखा, 'केंद्र और राज्य सरकारें देश के करोड़ों गरीब और मेहनतकश लोगों को सही एवं सम्मानपूर्वक रोजी-रोजी की व्यवस्था कर पाने में अपनी विफलता पर पर्दा डालने के लिए उनसे भूखे पेट भजन कराते रहना चाहती हैं, लेकिन विपक्षी कांग्रेस का भी वैसा ही जनविरोधी रवैया जनता को कैसे गंवारा संभव है?'

# नायब तहसीलदार के घर में लूट

**एजेंसी । देवरिया**

यूपी के देवरिया जिले में तैनात नायब तहसीलदार के गोरखपुर सहजनवा कस्बा के वार्ड नंबर नौ पिपरा के घनश्याम नगरी में स्थित घर में गुरूवार देर रात को अज्ञात बदमाशों ने घर की महिला को असलहा सटा कर करीब 12 लाख रुपया कीमत के जेवरात और 2.50 लाख रुपया कैश लूट लिया। सूचना के बाद पुलिस व फोरेंसिक टीम के साथ मौके पर जांच पड़ताल की। पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर पुलिस जांच कर रही है।

### महिलाओं से ढाई लाख नगदी और 12 लाख के आभूषण भी लूट ले गए बदमाश



### अज्ञात के खिलाफ चोरी का केस दर्ज

नगर पंचायत के वार्ड नंबर नौ पिपरा घनश्याम नगरी निवासी यदुवंश यादव देवरिया जिले में नायब तहसीलदार हैं। घर पर पत्नी के अलावा दो पुत्र और पुत्र वधुएं रहती हैं। रात में करीब ढ़ाई बजे के आसपास तीन बदमाश छत के रास्ते घर में घुस गए। इसी दौरान उनकी पत्नी का नींद टूट गई और वह कमरे से बाहर आई। कमरे से बाहर आते ही बदमाश ने अपने पास रखा असलहा सटा दिया और घर में रखे सोने का एक हार , चांदी पाजेब एक, सोने का कंगन तीन, झाली एक, सोने की अंगूठी दस, मंगलसूत्र पांच, कान की बाली आठ, नथिया दो, झुमका दो, मांग टीका दो, सोने का चेन दो और 12 जोड़ी पायल चुरा लिया, जिसकी कीमत बाजार में 12 लाख रुपया के आसपास है। साथ ही घर में रखा ढ़ाई लाख रुपया कैश भी लूट लिया। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंच जांच पड़ताल की। साथ ही रात को फोरेंसिक टीम बुला कर भी जांच की गई। पुत्र वैभव यादव की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ चोरी का केस दर्ज किया गया है।

# छह महीने ही जिंदा रह सकी फुरकान की 'मोहब्बत'

- दरवाजे पर ही झूल गई सानिया
- ससुर ने दामाद पर लगाए गंभीर आरोप

**एजेंसी । गाजियाबाद**

गाजियाबाद के मसूरी क्षेत्रांतर्गत गांव नाहल में नवविवाहिता ने शुक्रवार तड़के पति से विवाद के चलते दरवाजे की ग्रिल में दुपट्टा बांधकर आत्महत्या करने का मामला प्रकाश में आया है। पति अपनी पत्नी के साथ अलग किराये के मकान में रह रहा था। दोनों का प्रेम विवाह छह माह पूर्व हुआ था। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और मृतका का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतका के पिता ने दामाद पर मारपीट करना और दान-दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है, पुलिस को तहरीर देकर दामाद पर बेटी को प्रताड़ित करने व मारपीट करने का आरोप लगाया है। एसीपी नरेश कुमार ने बताया कि पुलिस को शुक्रवार सुबह नाहल के सोनी एनक्लेव में महिला सानिया (19) पत्नी फुरकान अली ने कमरे के दरवाजे की ग्रिल में दुपट्टे का फंदा डालकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस मौके पर पहुंची और महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### छह माह पूर्व प्रेम विवाह



बता दें कि सानिया पुत्री अकबर अली निवासी नाहल और फुरकान शरीफ अहमद निवासी नाहल दोनों ने छह माह पूर्व प्रेम विवाह किया था और फुरकान अपने माता पिता से अलग नाहल स्थित सोनी एनक्लेव में रईस अहमद के मकान में किराये पर रहता था। फुरकान को इसके पिता शरीफ अहमद ने बेदखल भी किया हुआ है। फुरकान अली के मकान मालिक रईस अहमद ने बताया कि दोनों पति पत्नी के बीच पिछले कई दिनों से विवाद चल रहा था। आपस में दोनों के बीच झगड़ा होता रहता था। शुक्रवार तड़के सुबह शोर शराबा सुनकर आस-पड़ोस के लोग जमा हो गए तो देखा कि सानिया मृत अवस्था में चारपाई पर पड़ी हुई थी और परिजनों का रो रोकर बुरा हाल था।

# होटल से धनबाद के प्रोफेसर का शव बरामद

**एजेंसी । पटना**

राजधानी पटना से एक बड़ी खबर निकलकर सामने आ रही है। पटना के होटल के कमरे में शव मिला। मामले की छानबीन में पुलिस जुट गई है। पटना के कोतवाली थाना इलाके में मारवाड़ी आवास गृह के कमरे में शव मिला है। मौके पर एफएसएल की टीम को बुलाया गया है। मृतक का नाम वाचस्पति मिश्रा बताया जा रहा है। वाचस्पति मिश्रा धनबाद के रहने वाले थे। पेशे से प्रोफेसर बताए जा रहे हैं। कोतवाली थाने की पुलिस ने उनके परिजनों को सूचना दे दी है।



जांच में जुटी पुलिस

### कमरे में फर्श पर पड़ा मिला शव

घटना के संबंध में बताया जाता है कि धनबाद के रहने वाले बचस्पति मिश्रा मारवाड़ी आवास गृह में रूम नंबर 77 में ठहरे थे। प्रोफेसर मिश्र 28 सितंबर को दोपहर 12 बजकर 20 मिनट पर आये थे, उसके बाद बाहर नहीं निकले।

# पति के साथ मुखिया गिरफ्तार

**एजेंसी । हजारीबाग**

हजारीबाग एसीबी (भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो) की टीम ने बड़कागांव प्रखंड के रहने वाले बसंत साव की शिकायत पर बड़ी कार्रवाई की है। महिला मुखिया और उनके पति को 25 हजार रुपए रिश्वत लेते एसीबी की टीम ने रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। अधिकारी उनसे पूछताछ कर रहे हैं। हजारीबाग जिले के बड़कागांव प्रखंड की पूर्वी पंचायत की मुखिया विमला देवी और उनके पति सह मुखिया प्रतिनिधि राजकुमार साव को 25 हजार रुपए घूस लेते एसीबी की टीम ने शुक्रवार को धर दबोचा। ये पति-पत्नी अबुआ आवास योजना के नाम पर लाभुक से घूस मांग रहे थे। बसंत साव की पत्नी सुशीला देवी के नाम पर अबुआ आवास योजना के तहत घर पास हुआ था। इसके एवज में महिला मुखिया द्वारा 25000 घूस की मांग की गयी थी। बसंत साव ने भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो को आवेदन दिया था। इसमें उन्होंने शिकायत की थी कि अबुआ आवास योजना के एवज में उनसे 25 हजार रुपए घूस की मांग की जा रही है। वे रिश्वत देना नहीं चाहते हैं।



# दरभंगा एयरपोर्ट को चमकाने के लिए मिलेंगे 918 करोड़

**एजेंसी । दरभंगा**

बिहार का दरभंगा एयरपोर्ट में कम फ्लाइट होने के बावजूद भी यहां से लगभग 23 लाख यात्रियों ने हवाई यात्रा की है। लेकिन अब दरभंगा एयरपोर्ट अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होगा। इसके लिए केंद्र सरकार ने 918 करोड़ की राशि स्वीकृत कर दी है। दरभंगा हवाई अड्डे के सलाहकार समिति की बैठक में गुरुवार को डॉक्टर गोपाल जी ठाकुर की अध्यक्षता में जिला अतिथि ग्रह में हुई। यात्रियों की पारदर्शिता एवं यात्री सुविधा बहाल करने के लिए गोपाल जी ठाकुर ने कई आवश्यक

### केंद्र सरकार ने दी मंजूरी




निर्देश दिए। उन्होंने आगे बताया की दरभंगा एयरपोर्ट का नाम कवि कोकिल विद्यापति के नाम पर किए जाने के लिए केंद्र एवं राज्य सरकार से पत्राचार किया जा रहा है। सलाहकार समिति के अध्यक्ष डॉ गोपाल जी ठाकुर ने कहा दरभंगा एयरपोर्ट उड़ान योजना के अंतर्गत देश की सफलतम एयरपोर्ट में शुमार है।

## व्यापार जगत

# लॉजिस्टिक्स कंपनी की शेयर बाजार में जोरदार एंट्री

## निवेशकों को पहले दिन 28 प्रतिशत का मुनाफा

**एजेंसी । नई दिल्ली**

नई दिल्ली। लॉजिस्टिक्स सर्विस देने वाली कंपनी रैपिड मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स ने शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजार में धांसू एंट्री की। कंपनी के शेयरों की आज बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज के एसएमई प्लेटफार्म पर 22.62 प्रतिशत के प्रीमियर पर लिस्टिंग हुई। आईपीओ के तहत कंपनी ने 10 रुपए फेस वैल्यू वाले शेयरों को 74 रुपेए प्रीमियम के साथ 84 रुपेए के भाव पर जारी किया था। आज इसकी लिस्टिंग 103 रुपये के भाव पर हुई। दिन के कारोबार में ये शेयर उछल कर 108.15 रुपेए के अपर सर्किट लेवल पर पहुंच गया। इस तरह आईपीओ के जरिए निवेश करने वाले निवेशकों को अभी तक 28.75 प्रतिशत का मुनाफा हो चुका है।




### 8.49 करोड़ रुपए का आईपीओ 22 से 27 अगस्त के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला

रैपिड मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स का 8.49 करोड़ रुपए का आईपीओ 22 से 27 अगस्त के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। आईपीओ को निवेशकों की ओर से जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला, जिससे ये आईपीओ ओवरऑल 350.50 गुना सब्सक्राइब हो गया। आईपीओ के तहत 10 रुपए की फेस वैल्यू वाले 10.11 लाख नए शेयर जारी किए गए हैं। कंपनी की ओर से उपलब्ध कराई गई जानकारी के मुताबिक आईपीओ के जरिए जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल वर्किंग कैपिटल की जरूरत को पूरा करने और अन्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के संपादन में किया जाएगा। 4 साल पहले 2020 में बनी रैपिड मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स अपने क्लाइंट्स को एक ही स्थान पर लॉजिस्टिक्स से जुड़ी सभी सर्विसेज उपलब्ध कराती है। कंपनी प्लाईवुड, ग्लास, एडिबल ऑयल, आयरन एंड स्टील, पेपर, जिप्सम बोड्‌र्स, टाइल्स और सैनिटरी इंडस्ट्री में अपनी सर्विस देती है।

# विस्तारा 11 नवंबर को अपने ब्रांड के तहत संचालित करेगी अंतिम उड़ान

- एयर इंडिया के साथ विस्तारा का विलय फाइनल

**एजेंसी । नई दिल्ली**

विमानन कंपनी विस्तारा अपने ब्रांड के तहत 11 नवंबर को अंतिम उड़ान का परिचालन करेगी। एयर इंडिया 12 नवंबर, 2024 से इसका परिचालन संभालेगी। सरकार ने एयर इंडिया-विस्तारा विलय के हिस्से के रूप में सिंगापुर एयरलाइंस द्वारा प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) को अपनी मंजूरी दे दी है।

### 3 सितंबर से बुक नहीं होगी विस्तारा की टिकट

विस्तारा ने शुक्रवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि 3 सितंबर, 2024 से ग्राहक 12 नवंबर, 2024 या उसके बाद की यात्रा के लिए विस्तारा की फ्लाइट्स की बुकिंग नहीं कर पाएंगे। कंपनी ने बताया कि 12 नवंबर, 2024 के बाद विस्तारा के विमानों का परिचालन एयर इंडिया द्वारा किया जाएगा। इन विमानों के संचालित मार्गों के लिए बुकिंग एयर इंडिया की वेबसाइट पर पुन: निर्देशित की जाएगी। कंपनी की ओर से जारी विज्ञप्ति के मुताबिक विस्तारा 11 नवंबर, 2024 तक के लिए सामान्य रूप से बुकिंग लेना और उड़ानें संचालित करना जारी रखेगी। गौरतलब है कि विस्तारा के टाटा की अगुवाई वाली एयर इंडिया के साथ प्रस्तावित विलय का ऐलान नवंबर, 2022 में किया गया था। इस विलय के बाद सिंगापुर एयरलाइंस की एयर इंडिया में 25.1 फीसदी हिस्सेदारी होगी।




# सेबी ने 46 ब्रोकर के पंजीकरण किए रद्द




**एजेंसी । नई दिल्ली**

सेबी ने शुक्रवार को 39 शेयर ब्रोकर और सात जिंस ब्रोकर का पंजीकरण रद्द कर दिया। पंजीकरण अनिवार्यताएं पूरी करने में विफल रहने पर इन ब्रोकर का पंजीकरण रद्द किया गया है। इसके अतिरिक्त, नियामक ने उन 22 'डिपॉजिटरी' प्रतिभागियों का पंजीकरण भी रद्द कर दिया, जो अब किसी भी 'डिपॉजिटरी' से संबद्ध नहीं हैं। सेबी ने तीन अलग-अलग आदेशों में कहा, इन इकाइयों के पंजीकरण प्रमाणपत्र को रद्द करने का मुख्य कारण उन्हें 'डिपॉजिटरी' का सक्रिय भागीदार या मान्यता प्राप्त स्टॉक एक्सचेंज का सदस्य बने बिना अपने सेबी पंजीकरण का दुरुपयोग करने से रोकना है, जिससे 'अनजान' निवेशकों की सुरक्षा हो सके। पंजीकरण रद्द होने के बावजूद, ये इकाइयां शेयर ब्रोकर या जिंस ब्रोकर या 'डिपॉजिटरी' प्रतिभागियों के रूप में की गई किसी भी कार्रवाई के लिए उत्तरदायी हैं। वे सेबी को देय किसी भी बकाया शुल्क, बकाया तथा ब्याज का भुगतान करने के लिए भी जिम्मेदार हैं।

# आसमान पर शेयर बाजार, सेंसेक्स और निफ्टी का रिकॉर्डतोड़ प्रदर्शन जारी

**एजेंसी । मुंबई**

मुंबई। घरेलू शेयर बाजार में शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन रिकॉर्ड तोड़ तेजी का सिलसिला जारी रहा। आज के कारोबार की शुरुआत भी मजबूती के नए रिकॉर्ड के साथ हुई थी। बाजार खुलने के बाद मुनाफा वसूली शुरू हो जाने की वजह से शेयर बाजार की चाल में लगातार उतार-चढ़ाव भी होता रहा। इसके बावजूद शेयर बाजार ऑल टाइम हाई क्लोजिंग के नए रिकॉर्ड के साथ बंद हुआ।

### रियल्टी, फार्मास्यूटिकल और पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज के शेयरों में खरीदारी



कारोबार के दौरान रियल्टी, फार्मास्यूटिकल और पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज के शेयरों में लगातार खरीदारी होती रही। इसी तरह ऑयल एंड गैस, बैंकिंग, आईटी, ऑटोमोबाइल, कैपिटल गुड्स, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, मेटल और टेक इंडेक्स भी मजबूती के साथ बंद हुए। हालांकि एफएमसीजी इंडेक्स दबाव में कारोबार करता नजर आया। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार खरीदारी होती रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.53 प्रतिशत की तेजी के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.75 प्रतिशत की छलांग लगा कर आज के कारोबार का अंत किया।

### निवेशकों की संपत्ति में करीब 2 लाख करोड़ रुपए का इजाफा

बाजार में आई मजबूती के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में करीब 2 लाख करोड़ रुपए का इजाफा हो गया। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 464.47 लाख करोड़ रुपए (अस्थाई) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी गुरुवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 462.56 लाख करोड़ रुपए था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 1.91 लाख करोड़ रुपए का मुनाफा हो गया। दिनभर के कारोबार में बीएसई में 4,045 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 2,239 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 1,687 शेयरों में गिरावट का रुख रहा। वहीं, 119 शेयर बिना किसी उतार-चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,349 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,373 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 976 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए।

# अरहर दाल दो वर्ष में सबसे ज्यादा महंगी हुई

**एजेंसी । नई दिल्ली**



बीते दो वर्षों में अरहर दाल सबसे ज्यादा मंहगी हुई है, जिसका औसत बिक्री मूल्य करीब 65 रुपये प्रति किलोग्राम तक बढ़ गया है। मूंग, उड़द की कीमतों में भी वृद्धि हुई है। वहीं, चना दाल पर सबसे कम करीब 10 रुपये बढ़े हैं। इस दौरान मसूर दाल की कीमतों में कमी भी दर्ज की गई है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने अगस्त में खाद्य वस्तुओं की महंगाई का आकलन किया है। इस रिपोर्ट के मुताबिक दालों के साथ ही चावल के बिक्री मूल्य में करीब आठ रुपये प्रति किलोग्राम से ऊपर का इजाफा हुआ है। बीते वर्ष से तुलना की जाए तो जुलाई में इसमें करीब 8.1 प्रतिशत की तेजी आई। इसलिए सरकार ने खुले बाजार में 2325 रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से गेहूं और 2800 रुपये प्रति क्विंटल चावल बेचने को मंजूरी दी।

## नीदरलैंड्स के खिलाड़ी ने अपने करियर की सबसे बड़ी जीत दर्ज की

### तीन साल बाद साल के अंतिम ग्रैंड स्लैम के तीसरे दौर में पहुंचे

# बोटिक ने फ्रेंच और विम्बलडन चैंपियन अल्काराज को हराया

एजेंसी । न्यूयॉर्क

दुनिया के 74वें नंबर के खिलाड़ी बोटिक वान डी जैडस्चुल्प ने फ्रेंच ओपन और विम्बलडन चैंपियन कार्लोस अल्काराज को हराकर यूएस ओपन का सबसे बड़ा उलटफेर किया। नीदरलैंड्स के बोटिक ने गुरुवार देर रात खेले गए मुकाबले में अल्काराज को 6-1, 7-5, 6-4 से पराजित कर तीन साल बाद यहां तीसरे दौर में जगह बनाई। इससे पहले वह 2021 में यहां क्वार्टर फाइनल में पहुंचे थे। यह बोटिक के करियर की सबसे बड़ी जीत है।

वहीं पिछले तीन साल में पहली बार स्पेनिश स्टार अल्काराज किसी ग्रैंड स्लैम के शुरुआती दौर में बाहर हुए। इससे पहले 2021 में विम्बलडन के दूसरे दौर में हार मिली थी। इसके साथ ही अल्काराज का ग्रैंड स्लैम में पिछले 15 मुकाबलों से चला आ रहा विजय रथ भी थम गया।



### अब जैक से टक्कर

*बोटिक का सामना अब शनिवार को ब्रिटेन के जैक ड्रेपर से होगा, जिन्होंने फेसुंडो डियाज अकोस्टा को 6-4, 6-2, 6-2 से बाहर का रास्ता दिखाया। अन्य मुकाबलों में डान इवांस ने मैरिआनो नावोने को 6-4, 6-3, 6-3 से और एलेक्स डि मिनौर ने ओट्टो को 7-5, 6-1, 7-6 से मात देकर तीसरे दौर में जगह बनाई। टॉमी पॉल भी आगे बढ़ने में सफल रहे।*

### सिनेर की 50वीं जीत

*दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनेर और नंबर पांच दानिल मेदवेदेव आसानी से तीसरे दौर में पहुंच गए। सिनेर ने एलेक्स मिशेलसन को एक घंटे 39 मिनट में 6-4, 6-0, 6-2 से हराया। यह उनकी सत्र की 50वीं जीत है। अब उनका सामना ऑस्ट्रेलिया के क्रिस्टोफर ओ कोनेल से होगा। मेदवेदेव ने फैबियन मरोजसन को 6-3, 6-2, 7-6 से हराया। अब उनकी टक्कर फ्लेवियो कोबोली से होगी।*

### इगा की आसान जीत

*महिला वर्ग में नंबर एक खिलाड़ी इगा स्वियातेक ने आसानी से दूसरे दौर की बाधा पार कर ली। इगा ने जापान की क्वालीफायर एना शिबहारा को 65 मिनट तक चले मुकाबले में 6-0, 6-1 से हराया। जेसिका पेगुला ने सोफिया केनिन को 7-6, 6-3 से और कैरोलिना वोज्नियाकी ने रेनाटा को 6-3, 6-3 से पराजित किया। वहीं चौथी वरीयता प्राप्त रयबाकिना पीठ के निचले हिस्से की चोट के कारण अपने दूसरे दौर के मैच से पहले टूर्नामेंट से हट गईं। इससे फ्रांसीसी क्वालीफायर जेसिका पोंचेट अगले दौर में पहुंचने में सफल रहीं। दो बार की पूर्व चैंपियन नाओमी ओसाका का सफर दूसरे दौर में थम गया। जापानी खिलाड़ी ओसाका को कैरोलिना मुचोवा ने 6-3, 7-6 शिकस्त दी। ओसाका ने मैच के महत्वपूर्ण अवसरों पर फोरहैंड से गलतियां की जिसका खामियाजा उन्हें हार से भुगतना पड़ा।*

### बोपन्ना-मैथ्यू ने पार की पहली बाधा

*भारत के रोहन बोपन्ना और उनके ऑस्ट्रेलियाई जोड़ीदार मैथ्यू एब्डेन ने भी पहले दौर की बाधा पार कर ली। बोपन्ना-मैथ्यू ने शुरुआती दौर में नीदरलैंड्स के सैंडर अरेंड्स और रॉबिन हास को एक घंटे चार मिनट तक चले मुकाबले में 6-3, 7-5 से पराजित किया। भारत और ऑस्ट्रेलिया की यह जोड़ी पिछले तीन मैच में हार के बाद यूएस ओपन में उतरी थी लेकिन यहां उन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया। दूसरी वरीयता प्राप्त बोपन्ना-मैथ्यू का सामना अब गैर वरीयता प्राप्त स्पेन के रॉबर्टो कारबालेस बेना और अर्जेंटीना के फेडेरिको कोरिया की जोड़ी से होगा।*

## राष्ट्रीय रिकॉर्ड के साथ फाइनल में पूजा

एजेंसी । लीमा




भारत की पूजा सिंह ने विश्व एथलेटिक्स अंडर-20 चैंपियनशिप में ऊंची कूद के क्वालिफिकेशन दौर में नए राष्ट्रीय रिकॉर्ड के साथ नौवें स्थान पर रहकर फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। हरियाणा के फतेहबाद जिले की 17 वर्षीय खिलाड़ी ने 1.83 मीटर की ऊंचाई पार करके गुरुवार देर रात क्वालीफिकेशन राउंड ग्रुप बी में दूसरा और कुल नौवां स्थान हासिल किया। फाइनल 31 अगस्त को होगा। पूजा ने पिछले साल कोरिया में एशियाई अंडर-20 चैंपियनशिप में बनाए गए 1.82 मीटर के अपने ही रिकॉर्ड में सुधार किया। उन्होंने इस प्रतियोगिता में रजत पदक जीता था। ग्रुप ए से नौ और ग्रुप बी से तीन एथलीटों ने फाइनल में जगह बनाई।

## विश्व कप के बाद न्यूजीलैंड की टी-20 कप्तानी छोड़ देंगी सोफी

एजेंसी । क्राइस्टचर्च



न्यूजीलैंड की स्टार ऑलराउंडर सोफी डिवाइन अक्तूबर में संयुक्त अरब अमीरात में होने वाले टी-20 विश्व कप के बाद कप्तानी छोड़ देंगी। यह 34 वर्षीय खिलाड़ी हालांकि न्यूजीलैंड की वनडे टीम का नेतृत्व करना जारी रखेंगी। सोफी ने 2006 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था। तब से वह न्यूजीलैंड टीम का अभिन्न अंग हैं। उन्होंने अभी तक 135 टी-20 मैचों में 3268 रन बनाए हैं। उन्होंने अभी तक 56 मैच में टीम का नेतृत्व किया है, जिसमें से 25 जीते और 28 हारे। तीन बेनतीजा रहे हैं। उन्होंने कहा, मुझे दोनों प्रारूपों में न्यूजीलैंड की कप्तानी करने का सौभाग्य मिलने पर बहुत गर्व है। टी-20 टीम की कप्तानी छोड़ने के बाद मेरी जिम्मेदारी कुछ कम हो जाएगी। इससे मैं अपनी भूमिका निभाने और भविष्य के कप्तान तैयार करने पर अधिक ध्यान दे सकती हूं।

## पाकिस्तान-बांग्लादेश के बीच पहला दिन बारिश से धुला

एजेंसी । रावलपिंडी



पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच दूसरे टेस्ट मैच का शुरुआती दिन शुक्रवार को लगातार बारिश के कारण धुल गया। बांग्लादेश दो मैचों की सीरीज में 1-0 से आगे है। उसने पिछले सप्ताह इसी स्थान पर 10 विकेट की ऐतिहासिक जीत दर्ज की थी। तेज बारिश के कारण खिलाड़ी और टीम अधिकारी होटल में ही रुके रहे। अंपायरों ने स्थानीय समयानुसार दोपहर 12:05 बजे दिन का खेल रद्द कर दिया। भारी बारिश के कारण मैदान का आउटफील्ड जलमग्न है। दोनों टीमें विश्व टेस्ट चैंपियनशिप तालिका में सबसे निचले स्थान पर काबिज वेस्टइंडीज से ठीक ऊपर हैं। इसमें बांग्लादेश सातवें स्थान पर और पाकिस्तान आठवें स्थान पर है।

### पेरिस में पहली बार लहराया तिरंगा

## अवनि लेखरा ने पैरालंपिक में भारत को दिलाया पहला गोल्ड

एजेंसी । पेरिस




पैरालिंपिक 2024 में भारत का खाता गोल्ड मेडल के साथ खुला है। महिला शूटर अवनि लेखरा ने 10 मीटर एयर राइफल स्टैंडिंग एसएस1 में भारत के लिए गोल्ड मेडल पर कब्जा किया। इसी इवेंट में भारत की शूटर मोना अग्रवाल ने ब्रॉन्ज मेडल जीता। क्वालिफिकेशन में दूसरे नंबर पर रहकर अवनि फाइनल में पहुंची थीं। वहां 249.7 के स्कोर के साथ उन्होंने गोल्ड मेडल अपने खाते में डाला। साउथ कोरिया को सिल्वर मेडल से संतोष करना पड़ा।

## शूटर मनीष नरवाल ने जीता रजत पदक

### ▸▸ भारत को शूटिंग में मिला तीसरा मेडल

एजेंसी । पेरिस




मनीष नरवाल ने शुक्रवार को 10 मीटर एयर पिस्टल शूटिंग में रजत पदक जीता। शूटिंग में भारत का ये तीसरा मेडल है, इससे पहले अनवि और मोना ने गोल्ड और ब्रॉन्ज जीता है। मनीष ने कुल 234.9 अंकों के साथ रजत पदक जीता और कोरिया के जोंगडू जो को कड़ी टक्कर दी, जिन्होंने कुल 237.4 अंकों के साथ स्वर्ण पदक हासिल किया। भारत के मनीष नरवाल ने पेरिस पैरालम्पिक में शुक्रवार को पुरूषों की 10 मीटर एयर पिस्टल (एसएच 1) स्पर्धा के क्वालीफिकेशन दौर में 565 स्कोर करके पांचवें स्थान पर रहे थे।

## जाकिया शरणार्थी पैरालंपिक टीम के लिए पदक जीतने वाली पहली खिलाड़ी

### ▸▸ अफगानिस्तान की खिलाड़ी ने ताइक्वांडो में जीता कांस्य पदक

एजेंसी । पेरिस



अफगानिस्तान की जाकिया खुदादादी ने शरणार्थी पैरालंपिक टीम के लिए पदक जीतने वाली पहली खिलाड़ी बनकर इतिहास रच दिया। जाकिया ने गुरुवार को ताइक्वांडो में महिलाओं के 47 किग्रा वर्ग में तुर्की की एकिंसी नूरसिहान को हराकर कांस्य पदक जीता। पेरिस के ग्रांड पैलेस में मुकाबले के खत्म होने के बाद जाकिया खुशी से झूम उठी। उन्होंने अपना हेलमेट हवा में उछालकर जश्न मनाया। भावुक जाकिया ने कहा, यह एक अविश्वसनीय पल है, जब मुझे एहसास हुआ कि मैंने कांस्य पदक जीत लिया है तो मेरा दिल तेजी से धड़कने लगा। यहां तक पहुंचने के लिए मुझे बहुत कुछ करना पड़ा। यह पदक अफगानिस्तान की सभी महिलाओं और दुनिया के सभी शरणार्थियों के लिए है। मुझे उम्मीद है कि एक दिन मेरे देश में शांति होगी। यह पदक मेरे लिए सब कुछ है, मैं इस दिन को कभी नहीं भूलूंगी। दर्शकों से मुझे मिले जबरदस्त समर्थन के कारण मैं जीत दर्ज करने में सफल रही।

**मुंबई के मैदानों से**

## प्रणय जैन ने दोनों मैच जीते

दोपहर संवाददाता । मुंबई

प्रणय जैन ने खार जिमखाना पर खेले जा रहे खार जिमखाना-टीएसटीटीए तृतीय रैंकिंग टेबल टेनिस प्रतियोगिता बॉयज अंडर-15 ग्रुप 8 राउंड रॉबिन लीग के अपने दोनों मैचों में कड़े संघर्ष के बाद जीत दर्ज की। प्रणय ने पहले ऋदांत वेरुलकर को 11-9, 13-11, 11-7 से तथा बाद में वीर ढोकरे को 11-8, 11-5, 4-11, 11-8 से मात दी। इसके अलावा ग्रुप 9 में स्पर्ष अग्रवाल ने भी अगस्त्य शेट्टी को 13-11, 11-3, 11-7 और बाद में व्योम गुप्ता को 11-3, 11-5, 11-4 से हराया।

## घुड़दौड़: जमारी बेजोड़


दोपहर संवाददाता । मुंबई

पेसी श्रॉफ द्वारा प्रशिक्षित जमारी जिसने अपने कैरियर में कई उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है, उसे शनिवार को पुणे रेसकोर्स पर आयोजित ईदार गोल्ड ट्रॉफी में मात्र दो घोड़ों के विरुद्ध उतारा जा रहा है। जमारी के शानदार सफलताओं को देखते हुए वो इस दौड़ में बेजोड़ है और उसके लिए एक आसान जीत की संभावना है। कुल छह दौड़ों का कार्यक्रम रखा गया है। पहली दौड़ दो बजे आरंभ होगी। विभिन्न दौड़ों के लिए हमारे चयन इस प्रकार हैं। 1- दुलारी (प्र.), मज़ाल (द्वि.), 2- चोपिन (प्र.), मैग्नेटो (द्वि.), 3- जमारी (प्र.), ईवाल्डो (द्वि.), 4- ब्रेक पॉइन्ट (प्र.), जुलियस (द्वि.), 5- चन्द्रयान (प्र.), इन्कलॉब (द्वि.), 6- फियोरेन्टिनी (प्र.), शंबाला (द्वि.), 7- रेड डस्ट (प्र.), प्रेसियोसो (द्वि.), दिन का सर्वोत्तम- जमारी।



## सनी देओल-प्रीति जिंटा ने बच्चों के साथ किया पान मसाले का प्रचार

*सनी देओल और प्रीति जिंटा को पर्दे पर दर्शकों का खूब प्यार मिला है। अब एक बार फिर दोनों फिल्म में धमाल मचाने के लिए तैयार हैं। इसी बीच उनका का एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है, जिसमें दोनों बच्चों के बीच पान मसाले का विज्ञापन करते दिख रहे हैं। जैसे ही रेडिट पर सामने आए इस विज्ञापन में लोगों की नजर सनी और प्रीति पर पड़ी, वे आग बबूला हो गए।*



### विज्ञापन में कई चर्चित चेहरे

एक मशहूर पान मसाला कंपनी के पुराने विज्ञापन के कारण सनी और प्रीति विवादों में आ गए हैं। चूंकि बच्चे भी इस विज्ञापन का हिस्सा हैं, लिहाजा लोगों का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया है। विज्ञापन में शक्ति कपूर, अखिलेंद्र मिश्रा और डेलनाज ईरानी जैसे कुछ मशहूर चेहरे भी शामिल हैं।

### लोगों ने पूछे ये सवाल

एक यूजर ने यह वीडियो देख लिखा, 'सनी और प्रीति भी पहले गुटखा बेचा करते थे।' एक ने लिखा, ;बच्चों के बिना भी यह विज्ञापन शूट किया जा सकता था।'

एक लिखते हैं, 'क्या ये सच में गुटखा है? अगर हां, तो वह इसे एक बच्चे को क्यों दे रहा है।' एक अन्य यूजर ने लिखा, 'बच्चों को इस विज्ञापन में लेने की जरूरत क्या थी?' एक ने लिखा, 'इसके जरिए ये बच्चों को क्या संदेश देना चाहते हैं।'




## विक्की कौशल करेंगे IIFA 2024 की मेजबानी

*विक्की कौशल मनोरंजन जगत के लोकप्रिय अभिनेताओं में से एक हैं। हर कोई उनसे रूबरू होना चाहता है। अब उनके चाहने वालों के लिए एक खुशखबरी आई है। दरअसल, विक्की अंतरराष्ट्रीय भारतीय फिल्म अकादमी (IIFA) की मेजबानी करने वाले हैं। इस कार्यक्रम में वह प्रस्तुति भी देने को तैयार हैं। इस दौरान निर्देशक-निर्माता करण जौहर और दिग्गज अभिनेता शाहरुख खान भी विक्की का साथ देने वाले हैं। IIFA की ओर से इस खबर की आधिकारिक पुष्टि हो गई है।*

### इस दिन आयोजित होगा भव्य कार्यक्रम

IIFA ने लिखा, 'जोश सच में बहुत ज्यादा है। विक्की IIFA में परफॉर्म करने और होस्ट करने के लिए तैयार हैं।' बता दें अबू धाबी के यस आइलैंड में भारतीय सिनेमा का यह भव्य कार्यक्रम 6 और 7 सितंबर, 2024 को आयोजित होगा। इसका आयोजन अबू धाबी के संस्कृति और पर्यटन विभाग द्वारा कराया जाएगा। IIFA प्रतिवर्ष दिए जाने वाले पुरस्कारों का एक समूह है। बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले कलाकरों को विभिन्न कैटेगरी में पुरस्कार प्रदान किए जाते हैं।

## जल्द आएगा 'फर्जी' का दूसरा सीजन




*शाहिद कपूर और विजय सेतुपति की वेब सीरीज 'फर्जी' ने भारत की अब तक की सबसे ज्यादा देखी जाने वाली हिंदी वेब सीरीज बनकर इतिहास रच दिया था। इस क्राइम थ्रिलर सीरीज में के के मेनन और भुवन अरोड़ा ने अहम भूमिका निभाई थी। निर्माता 'फर्जी' का दूसरा सीजन लेकर आ रहे हैं। अब इस बीच वेब सीरीज में शाहिद के दोस्त की भूमिका निभाने वाले भुवन अरोड़ा ने 'फर्जी 2' के बारे में दिलचस्प अपडेट साझा किया है।*

### पक्का आ रही है- भुवन

भुवन ने 'फर्जी' में फिरोज की भूमिका निभाई थी। उन्होंने कहा, 'आ रही है, पक्का आ रही है। 'फर्जी 2' पर जोरों से काम चल रहा है। इसके प्री-प्रोडक्शन का काम भी तेजी से चल रहा है। हमने अभी तक इसकी आधिकारिक घोषणा नहीं की है, लेकिन मुझे लगता है कि हम यह कर रहे हैं। इस समय हर कोई व्यस्त है। सब लोग अपना अपना काम कर रहे हैं।'

## 'पति-पत्नी और वो' का जल्द आएगा सीक्वल

निर्देशक मुदस्सर अजीज की फिल्म 'पति पत्नी और वो' ने दर्शकों का जमकर मनोरंजन किया था, वहीं समीक्षकों से भी इस फिल्म को सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली थी। फिल्म के हीरो कार्तिक आर्यन थे, जिन्होंने अपनी शानदार अदाकारी से दर्शकों का दिल जीत लिया था। अब मुदस्सर ने अपनी इस फिल्म के सीक्वल का ऐलान कर दिया है। उन्होंने अपनी इस फिल्म से जुड़ीं कई जानकारियां दीं और बताया कि सीक्वल पहले से ज्यादा धमाकेदार होने वाला है।



### पहले से ज्यादा शानदार होगा फिल्म का सीक्वल

मुदस्सर ने कहा, 'बतौर निर्देशक 'पति पत्नी और वो' का सीक्वल मेरी अगली फिल्म होगी। मैं अभी इसी पर काम कर रहा हूं। हम कई चीजों को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया में हैं। मैं वादा करता हूं कि इस फिल्म की अगली किस्त पहले से ज्यादा मजेदार होगी। मैं एक महिला के दृष्टिकोण से बहुत ही दिलचस्प कहानी आपके लिए लेकर आने वाला हूं, जो आपको खूब गुदगुदाएगी।' कार्तिक इस फिल्म में बतौर लीड हीरो बने रहेंगे, वहीं फिल्म की लीड अभिनेत्रियों के लिए भी मुदस्सर अनन्या पांडे और भूमि पेडनेकर के अलावा किसी दूसरे नाम पर विचार नहीं कर रहे हैं। मुदस्सर के मुताबिक, उन्होंने अभी तक जितने भी सीक्वल बनाए हैं, उनकी स्टारकास्ट पुरानी ही रही है। 'पति पत्नी और वो' 2019 में रिलीज हुई थी। 45 करोड़ रुपये के बजट में बनी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर लगभग 117 करोड़ रुपये कमाए थे।



## राजकुमार राव की नई फिल्म का ऐलान

*बॉलीवुड अभिनेता राजकुमार राव मौजूदा वक्त में अपनी हालिया रिलीज फिल्म 'स्त्री 2' की सफलता का आनंद उठा रहे हैं। यह फिल्म शुरुआत से बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही है। घरेलू बॉक्स ऑफिस पर इसने 432.80 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार कर लिया है।*

'स्त्री 2' की सफलता के बीच अब राजकुमार ने अपनी नई फिल्म का ऐलान कर दिया है। इस फिल्म का निर्माण कुमार तौरानी और जय शेवक्रमणी मिलकर करने वाले हैं।

### बिल्कुल नए अवतार में नजर आएंगे राजकुमार

फिल्म से राजकुमार की पहली झलक भी सामने आ गई है, जिसमें उनका धांसू अवतार दिख रहा है। इस फिल्म में राजकुमार बिल्कुल नए अवतार में नजर आने वाले हैं। सामने आए पोस्टर में अभिनेता हाथों में बंदूक थामे नजर आ रहे हैं। फिल्म के शीर्षक से 31 अगस्त को पर्दा उठाया जाएगा। आज राजकुमार अपना 40वां जन्मदिन मनाने वाले हैं। ऐसे में यह प्रशंसकों के लिए किसी तोहफे से कम नहीं है।

न्यूज़ ब्रीफ

## तेलंगाना CM की सुप्रीम कोर्ट से बिना शर्त माफी

**नई दिल्ली।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने BRS नेता के. कविता को जमानत पर दिए बयान के लिए सुप्रीम कोर्ट से बिना शर्त माफी मांगी है। रेवंत ने X पर एक पोस्ट में लिखा कि मेरे



बयान को लेकर जो खबरें छापी गई, उनमें कमेंट का गलत अर्थ निकाला गया। रेवंत ने लिखा- 29 अगस्त की कुछ खबरों में मेरे नाम से कमेंट किए गए, जिससे यह माना गया कि मैं माननीय न्यायालय के विवेक पर सवाल उठा रहा हूं। मैं उन खबरों में दिए बयानों के लिए बिना शर्त खेद व्यक्त करता हूं। मैं न्यायपालिका का सम्मान करता था और करता रहूंगा। 29 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट में कैश फॉर वोट केस की सुनवाई के दौरान जस्टिस बीआर गवई की बेंच ने रेवंत के बयान पर नाराजगी जताई थी। कोर्ट ने पूछा था कि क्या हम नेताओं से पूछकर फैसला सुनाते हैं।

## टीवी सोमनाथन ने कैबिनेट सचिव का पदभार संभाला

**नई दिल्ली।** सीनियर IAS अधिकारी टीवी सोमनाथन के शुक्रवार (30 अगस्त) को कैबिनेट सचिव का पदभार ग्रहण किया। इससे पहले वे वित्त सचिव के रूप में कार्यरत थे। 1987 बैच के तमिलनाडु कैडर के आईएएस अधिकारी 2 साल तक इस पद पर रहेंगे। उन्होंने राजीव गौबा की जगह ली है। कैबिनेट सचिव सर्वोच्च रैंकिंग वाला कार्यकारी अधिकारी और सबसे वरिष्ठ सिविल सर्वेंट होता है। यह अधिकारी सीधे प्रधानमंत्री के अधीन कार्य करता है और केंद्र सरकार के प्रशासन के लिए जिम्मेदार है। राजीव गौबा 30 अगस्त, 2019 से पांच साल तक कैबिनेट सचिव रहे हैं।

## सुप्रीम कोर्ट में उमर अब्दुल्ला तलाक केस में सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला की तलाक केस में सुनवाई हुई। इस दौरान कोर्ट ने उमर अब्दुल्ला और उनकी पत्नी पायल अब्दुल्ला को समझौता के लिए सुप्रीम कोर्ट मीडिएशन सेंटर में पेश होने का निर्देश दिया है। उमर अब्दुल्ला और पायल अब्दुल्ला की शादी 01 सितंबर, 1994 को हुई थी। वे 2009 से अलग रह रहे हैं। उनके दो बेटे हैं। इसके बाद उमर ने शोध प्रबंध और क्रूरता के आधार पर फैमिली हाईकोर्ट का दरवाजा भी खटखटाया था।

## ओडिशा के कोरापुट में SLN हॉस्पिटल में आग लगी

**कोरापुट।** ओडिशा के कोरापुट में SLN मेडिकल कॉलेज और हॉस्पिटल में शुक्रवार (30 अगस्त) को आग लग गई। इसके बाद मरीजों के बीच अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने बताया कि आग स्पेशल चाइल्ड केयर वार्ड में शॉर्ट सर्किट के कारण लगी। हालांकि अब तक किसी के घायल होने की जानकारी नहीं मिली है। हॉस्पिटल के सुपरिटेंडेंट सुशांत कुमार साहू ने बताया कि चाइल्ड केयर वार्ड से 42 शिशुओं को दूसरे वार्ड में भेज दिया गया। स्थिति काबू में है।

विकृत होता समाज

# गर्ल्स हॉस्टल के वॉशरूम में हिडन कैमरा

### आरोपी बीटेक स्टूडेंट ने गर्लफ्रेंड को ब्लैकमेल कर कैमरा लगवाया, गिरफ्तार

एजेंसी | विजयवाड़ा

आंध्र प्रदेश में कृष्णा जिले के गुडीवाड़ा में एक इंजीनियरिंग कॉलेज के गर्ल्स वॉशरूम में हिडन कैमरा मिलने के बाद हंगामा हो गया। मामला गुडलावलेरु कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग का है। घटना की जानकारी मिलते ही स्टूडेंट्स ने नारेबाजी शुरू कर दी। पुलिस ने इस मामले में कॉलेज में बीटेक फाइनल ईयर के स्टूडेंट विजय कुमार को पकड़ा है। पुलिस ने आरोपी का फोन और लैपटॉप भी जब्त किया है। बताया जा रहा है कि हिडन कैमरे से छात्राओं के वीडियो रिकॉर्ड करके बेचे जा रहे थे। पुलिस के मुताबिक अब तक लगभग 300 फोटो-वीडियो लीक हो चुके हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने घटना की जांच के आदेश दिए हैं।



300 वीडियो-फोटो लीक

### घटना को छिपाना चाहता था कॉलेज मैनेजमेंट

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक गुडलावलेरु कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग को इस बारे में एक हफ्ते पहले बताया गया था, लेकिन कॉलेज ने इस पर कोई एक्शन नहीं लिया। गुरुवार को छात्राओं ने नारेबाजी शुरू कर दी। प्रदर्शन की खबर मीडिया तक न पहुंचे, इसलिए मैनेजमेंट ने कॉलेज के गेट बंद कर दिए थे। हालांकि छात्राओं ने देर रात तक प्रदर्शन जारी रखा तो पुलिस को मामले की जानकारी मिली।

### गर्लफ्रेंड को ब्लैकमेल कर हॉस्टल के वॉशरूम में लगवाया कैमरा

कुछ रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि गर्ल्स टॉयलेट में कैमरा छिपाने में कॉलेज की एक लड़की ने विजय की मदद की। पुलिस या कॉलेज प्रशासन ने यह नहीं बताया है कि वह लड़की कौन थी। हालांकि सोशल मीडिया पर विजय के साथ एक लड़की की तस्वीर वायरल है। दावा किया जा रहा है कि वह आरोपी की गर्लफ्रेंड है और कैमरा उसने ही छिपाया था। मीडिया रिपोर्टस में कहा गया है कि विजय ने पहले OYO रूम में गर्लफ्रेंड का वीडियो बनाया। फिर अपने दोस्तों के साथ मिलकर उसे ब्लैकमेल कर हॉस्टल में कैमरा लगाने को कहा। घटना का पता चलने पर राज्य सरकार में मंत्री नारा लोकेश ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं।

# अकाल तख्त से सुखबीर बादल तनखैया करार

### जत्थेदार सुनाएंगे धार्मिक सजा

एजेंसी | चंडीगढ़

अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार ज्ञानी रघुबीर सिंह ने शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री सुखबीर सिंह बादल को धार्मिक सजा सुनाते हुए तनखैया करार दिया है। सुखबीर बादल एक सामान्य सिख श्रद्धालु की तरह 15 दिन के भीतर अकाल तख्त साहिब पर पेश होंगे। इस बीच सुखबीर बादल ने अकाल तख्त जत्थेदार के फैसले को कबूल कर लिया है।



### 15 दिन में अकाल तख्त में पेश होकर मांगेंगे गुनाहों की माफी

पंजाब में लोकसभा चुनाव के बाद से ही अकाली दल में फूट पैदा होने के चलते अकाली दल के बागी गुट ने 1 जुलाई को श्री अकाल तख्त साहिब पर पहुंचकर जत्थेदार को माफीनामा दिया था, जिसमें सुखबीर बादल के कार्यकाल में हुई चार गलतियों पर माफी मांगी गई थी। इनमें सबसे अहम डेरा सच्चा सौदा मुखी राम रहीम को माफी देने की गलती मानी गई है। 2015 में फरीदकोट के बरगाड़ी में बेअदबी की सही जांच न होने के लिए भी माफी मांगी गई थी। इसके अलावा आईपीएस अधिकारी सुमेध सैनी को डीजीपी बनाने और मुहम्मद इजहार आलम की पत्नी को विधानसभा चुनाव का टिकट देने की भी गलती मानी गई। अकाल तख्त जत्थेदार ने कहा कि सुखबीर बादल एक साधारण सिख की तरह अकाल तख्त पर आकर अपने गुनाहों की माफी मांगें। सुखबीर बादल 15 दिन के भीतर अकाल तख्त पर पेश हों।

नक्सली भर्ती मामला

# एनआईए की दिल्ली, पंजाब, हरियाणा और उप्र में छापेमारी

एजेंसी | नई दिल्ली

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने नक्सली भर्ती के एक मामले में शुक्रवार को चार राज्यों दिल्ली, पंजाब, हरियाणा और उप्र में छापेमारी की है। एनआईए ने आज जारी एक बयान में कहा है कि यह छापेमारी शुक्रवार को भी जारी है। एनआईए के मुताबिक जांच से पता चला है कि कई फ्रंटल संगठनों और छात्र विंग को भारत सरकार के खिलाफ युद्ध छेड़ने के उद्देश्य से कैडरों को प्रेरित करने और भर्ती करने के साथ-साथ नक्सल विचारधारा का प्रचार करने का काम सौंपा गया है।



आरोपितों ने इस एजेंडे के लिए आतंक और हिंसा के कृत्यों को अंजाम देने की साजिश रची। पिछले साल छह सितंबर को एनआईए ने नक्सली नेताओं और भाकपा (माओवादी) के कैडरों द्वारा प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन को पुनर्जीवित करने के प्रयासों पर भी कार्रवाई की थी।

### आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त

एनआईए ने उत्तर प्रदेश के प्रयागराज, चंदौली, वाराणसी, देवरिया और आजमगढ़ जिलों में आठ स्थानों पर आरोपितों और संदिग्धों के परिसरों में छापेमारी के दौरान इलेक्ट्रानिक डिवाइस व आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए हैं। इनमें मोबाइल फोन, लैपटॉप, पेन ड्राइव, कॉम्पैक्ट डिस्क और मेमोरी कार्ड सहित कई डिजिटल उपकरण, सिम कार्ड, नक्सली साहित्य, किताबें, पर्चे, पॉकेट डायरी, मनी रसीद बुक और अन्य आपत्तिजनक दस्तावेज शामिल हैं।

# जगदीश टाइटलर के खिलाफ चलेगा हत्या का केस

### सिख दंगा मामले में कोर्ट ने आरोप तय किए, 3 लोगों की हत्या का आरोप

एजेंसी | नई दिल्ली

1984 सिख दंगा मामले में कांग्रेस नेता जगदीश टाइटलर के खिलाफ हत्या का केस चलेगा। दिल्ली की कोर्ट ने शुक्रवार (30 अगस्त) को टाइटलर के खिलाफ हत्या सहित अन्य धाराओं में आरोप तय कर दिया है। इस मामले में अगली सुनवाई 13 सितंबर को होगी। टाइटलर को कोर्ट में मौजूद रहने का निर्देश दिया गया है। CBI ने मामले में टाइटलर के खिलाफ 20 मई 2023 को चार्जशीट दाखिल की थी। एक गवाह ने आरोप लगाया था कि जगदीश टाइटलर ने 1 नवंबर 1984 को गुरुद्वारा पुल बंगश के सामने एक एंबेसडर कार से बाहर निकले और भीड़ को सिखों की हत्या करने के लिए उकसाया था। CBI ने भी अपने आरोप पत्र में कहा कि टाइटलर ने भीड़ को उकसाया था। इसके बाद गुरुद्वारे में आग लगा दी गई। इस हिंसा में ठाकुर सिंह, बादल सिंह और गुरु चरण सिंह मारे गए थे। CBI ने टाइटलर पर भारतीय दंड संहिता (IPC) की धारा 147 (दंगा), 109 (भड़काना) और 302 (हत्या) का आरोप लगाया था।



### कौन हैं जगदीश टाइटलर?

जगदीश टाइटलर 2004 में मनमोहन सिंह सरकार में मंत्री थे, लेकिन विरोध के चलते उन्हें इस्तीफा देना पड़ा। उन्हें पिछले साल दिल्ली नगरपालिका चुनाव के लिए समिति में शामिल किया गया था, जिसने एक बड़ा विवाद खड़ा कर दिया था। उन्हें कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में भी शामिल होना था, लेकिन विवाद से बचने के लिए वह यात्रा में शामिल नहीं हुए।

### टाइटलर की मिली चुकी थीं क्लीन चिट

सिख दंगा केस में CBI टाइटलर को पहले तीन बार क्लीन चिट दे चुकी थी। पहली क्लीन चिट 2007 में मिली थी। लेकिन अदालत ने इसे सिरे से खारिज कर दोबारा जांच के आदेश दिए। इसके बाद 2013 में CBI ने फिर से सबूतों का अभाव देकर टाइटलर को क्लीन चिट दी थी। याचिकाकर्ता फिर कोर्ट पहुंचे, जांच हुई और टाइटलर फिर बच गए। आखिर में अदालत ने दिसंबर 2015 में CBI को मामले की और जांच करने का निर्देश देते हुए कहा था कि वह हर 2 महीने में जांच की निगरानी करेगी ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि हर एक पहलू की जांच की जाए।

# केरल में संघ की 3 दिन बैठक

एजेंसी | कोच्चि

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय समन्वयक बैठक 31 अगस्त से 2 सितंबर तक केरल के पलक्कड़ में आयोजित की जानी है। तीन दिवसीय अखिल भारतीय समन्वयक बैठक में संघ के सभी सहयोगी संगठन के पदाधिकारी शामिल होंगे। 31 तारीख से शुरू होने वाली बैठक से पहले छोटी बैठकों का दौर शुरू हो गया है।



### संघ से जुड़े 32 संगठनों के नेता होंगे शामिल

छोटी बैठक जिसे संघ टोली बैठक कहा जाता है। उन बैठकों का दौरा आज से शुरू हो गया है। इसमें संघ प्रमुख सहित सरकार्यवाह एवं सभी 6 सह सरकार्यवाह एवं केंद्रीय प्रतिनिधि इसमें शामिल हुए हैं। संघ से जुड़े 32 विभिन्न संगठनों के नेता इसमें शामिल होंगे।

### BJP, VHP और ABVP के पदाधिकारी रहेंगे मौजूद

विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार, इस बैठक में आरएसएस के जो सहयोगी संगठन प्रमुख रूप से भाग लेंगे उनमें भारतीय जनता पार्टी, विश्व हिंदू परिषद, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, राष्ट्र सेविका समिति, मजदूर संघ, किसान संघ, स्वदेशी जागरण मंच सभी के प्रतिनिधियों को निमंत्रित किया गया है। इस बैठक में राष्ट्रीय सामाजिक एवं राजनीतिक धार्मिक विषयों पर गहन चर्चा होगी।

### बीएल संतोष-शिव प्रकाश बैठक में शामिल

बीजेपी की तरफ से पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महासचिव बीएल संतोष, राष्ट्रीय संयुक्त संगठन महासचिव शिव प्रकाश और राष्ट्रीय संगठक वी सतीश का शामिल होना तय माना जा रहा है। बैठक में विभिन्न संगठन के कार्यकर्ता अपने कार्यों की जानकारी और अनुभव का अदान-प्रदान करेंगे। सूत्रों के अनुसार, राष्ट्रीय हित के विभिन्न विषयों के संदर्भ में वर्तमान परिदृश्य हाल में ही हुई महत्वपूर्ण घटनाओं और सामाजिक परिवर्तन के अन्य आयामों पर योजनाओं के संदर्भ में बैठक में चर्चा होगी।

## हाई कोर्ट ने आसाराम बापू की याचिका को किया खारिज

**गांधी नगर।** गुजरात हाईकोर्ट ने गुरुवार को तथाकथित धर्मगुरु आसाराम बापू की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने 2013 के बलात्कार मामले में अपनी आजीवन कारावास की सजा को निलंबित करने की मांग की थी। इस मामले में अदालत ने 29 अगस्त के अपने फैसले में कहा, 'हमें आवेदक और आरोपी द्वारा मांगी गई छूट को बढ़ाने के लिए कोई बेहद खास आधार नहीं मिला है, ऐसे में सजा को निलंबित करने और जमानत देने का कोई मामला नहीं बनता है।' बार एंड बेंच की रिपोर्ट के अनुसार हाई कोर्ट ने कहा कि आसाराम ने अपनी याचिका में यह आरोप भी लगाया है कि यह एक झूठा केस है, क्योंकि इसमें FIR करने में 12 साल की देरी हुई है और उसे भक्तों के बीच किसी प्रतिद्वंद्विता तथा साजिश के कारण फंसाया गया है। लेकिन उसके इन आरोपों पर तभी विचार किया जा सकता है जब दोषी ठहराए जाने के खिलाफ उसकी अपील पर सुनवाई होगी।



## वरिष्ठ भाजपा नेता ने टिकट वितरण को लेकर पार्टी से दिया इस्तीफा

एजेंसी | जम्मू

जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के सिलसिले में टिकट वितरण को लेकर भाजपा में एक और बगावत के तहत वरिष्ठ पार्टी नेता चंद्रमोहन शर्मा ने शुक्रवार को पार्टी से इस्तीफा देने की घोषणा की। उन्होंने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ने की धमकी दी।



### संतुष्टों को मनाने में जुटे वरिष्ठ नेता


भाजपा जम्मू-कश्मीर में टिकट वितरण को लेकर असंतोष से जूझ रही है। जम्मू क्षेत्र के कई जिलों में पार्टी नेता एवं कार्यकर्ता विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। इसके बाद पार्टी नुकसान की भरपाई में जुट गई है। पार्टी नेतृत्व ने केंद्रीय मंत्रियों समेत कई वरिष्ठ नेताओं को स्थिति को शांत करने एवं असंतुष्टों को मनाने का जिम्मा सौंपा है। केंद्रीय मंत्री जीके रेड्डी और जितेंद्र सिंह तथा राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ सहित कई वरिष्ठ भाजपा नेता इस समय जम्मू में डेरा डाले हुए हैं और विधानसभा चुनाव में पार्टी के सामने उत्पन्न स्थिति से निपटने के लिए काम कर रहे हैं।

रिपोर्ट | इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (IMA) के अध्ययन में खुलासा

# नाइट शिफ्ट में असुरक्षित महसूस करती हैं महिला डॉक्टर्स

एजेंसी | नई दिल्ली

अधिकतर महिला डॉक्टर अपनी नाइट शिफ्ट की ड्यूटी के दौरान असुरक्षित महसूस करती हैं, इतना असुरक्षित कि कुछ ने आत्मरक्षा के लिए हथियार रखने की जरूरत भी महसूस की है। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (IMA) के अध्ययन में यह बात सामने आई है। इसमें बताया गया कि स्टडी में शामिल उसके एक तिहाई डॉक्टर (अधिकांश महिलाएं) अपनी रात्रि पाली के दौरान असुरक्षित महसूस करते हैं। कोलकाता में सरकारी आरजी कर मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में ट्रेनी महिला डॉक्टर के साथ बलात्कार और हत्या की घटना पर हंगामा मचा है। इसे देखते हुए नाइट शिफ्ट के दौरान डॉक्टरों की सुरक्षा संबंधी चिंताओं का आंकलन करने के लिए आईएमए की ओर से ऑनलाइन सर्वे किया गया।



### भारत का सबसे बड़ा अध्ययन

इसमें पाया गया कि 45 प्रतिशत उत्तरदाताओं को रात्रि पाली के दौरान ड्यूटी रूम उपलब्ध नहीं था। आईएमए ने दावा किया कि 3,885 व्यक्तिगत प्रतिक्रियाओं के साथ यह इस विषय पर भारत का सबसे बड़ा अध्ययन है। IMA की केरल यूनिट के अनुसंधान प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डॉ. राजीव जयदेवन और उनकी टीम की ओर से अध्ययन के निष्कर्ष जुटाए गए हैं। इसमें 22 से अधिक राज्यों के डॉक्टर शामिल हुए, जिनमें से 85 प्रतिशत 35 वर्ष से कम आयु के थे, जबकि 61 प्रतिशत प्रशिक्षु या पोस्ट ग्रेजुएट ट्रेनी थे। सर्वे से पता चला कि कई डॉक्टरों ने असुरक्षित (24.1 प्रतिशत) या बहुत असुरक्षित (11.4 प्रतिशत) महसूस करने की बात कही, जो कुल उत्तरदाताओं का एक तिहाई है। असुरक्षित महसूस करने वालों का अनुपात महिलाओं में अधिक था।

### 20-30 वर्ष वालों में सुरक्षा की भावना सबसे कम

स्टडी के मुताबिक, 20-30 वर्ष की आयु के डॉक्टरों में सुरक्षा की भावना सबसे कम थी। इस ग्रुप में अधिकतर प्रशिक्षु और स्नातकोत्तर शामिल थे। इसके मुताबिक, रात्रि पाली के दौरान 45 प्रतिशत उत्तरदाताओं को ड्यूटी कक्ष उपलब्ध नहीं था और जिन लोगों के पास ड्यूटी रूम था, उनमें सुरक्षा की भावना अधिक थी। इसमें पाया गया कि ड्यूटी रूम अक्सर भीड़भाड़ वाले होते हैं, जिनमें ताला लगाने की व्यवस्था जैसे आवश्यक पर्याप्त सुविधाएं भी नहीं होती हैं। इसमें पाया गया कि उपलब्ध ड्यूटी कक्ष में से एक तिहाई में संलग्न शौचालय नहीं था। साथ ही आधे से अधिक मामलों (53 प्रतिशत) में वार्ड/आपातकालीन क्षेत्र ड्यूटी कक्ष से दूर स्थित था।

### ऑनलाइन सर्वे में क्या दिए गए हैं सुझाव?

सुरक्षा बढ़ाने के लिए डॉक्टरों ने कुछ सुझाव दिए हैं। इनमें प्रशिक्षित सुरक्षाकर्मियों की संख्या बढ़ाना, सीसीटीवी कैमरे लगाना, उचित प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करना, केंद्रीय सुरक्षा अधिनियम (CPA) को लागू करना, अलार्म प्रणाली लगाना और सुरक्षित ड्यूटी कक्ष जैसी बुनियादी सुविधाएं प्रदान करना शामिल हैं। डॉ. जयदेवन ने कहा, 'यह ऑनलाइन सर्वे पूरे भारत में सरकारी और निजी डॉक्टरों को गूगल फॉर्म के माध्यम से भेजा गया था। 24 घंटे के भीतर 3,885 प्रतिक्रियाएं मिलीं।'

# महाठग सुकेश को मिली जमानत

### मकोका मामले में नहीं मिली जमानत, रहना पड़ेगा जेल में

एजेंसी | नई दिल्ली

महाठग सुकेश चंद्रशेखर को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। कोर्ट ने सुकेश को 2 पत्ती चुनाव चिन्ह मामले में जमानत दे दी है। हालांकि वह अभी जेल में रहेगा। दरअसल, सुकेश चंद्रशेखर को अभी ईडी के PMLA और दिल्ली पुलिस के मकोका मामले में जमानत नहीं मिली है। इसलिए वह अभी जेल में ही रहेगा।



### चुनाव आयोग के कुछ अधिकारियों को रिश्वत देने की आपराधिक साजिश रचने का आरोप

बता दें कि पुलिस ने सुकेश चन्द्रशेखर, दिनाकरन और अन्य पर चुनाव आयोग के कुछ अधिकारियों को रिश्वत देने की आपराधिक साजिश रचने का आरोप लगाया था। वी के शशिकला के नेतृत्व वाले अन्नाद्रमुक गुट के लिए ₹दो पत्तियां₹ चुनाव चिह्न पाने के लिए चुनाव आयोग के अधिकारियों को रिश्वत देने की कोशिश करने के आरोपी दिनाकरन को भी जमानत मिल चुकी है। 701 पन्नों की अपनी चार्जशीट में पुलिस ने दावा किया था कि चंद्रशेखर से बरामद पैसा दिनाकरण ने अन्य आरोपी व्यक्तियों की मदद से बेहिसाब चैनलों के माध्यम से भेजा था।